5. The management has raised a preliminary objection to the effect that the dispute referred for adjudication and the claim raised before the Court differs in a material aspect and hence the claim is to be rejected. It was pointed out that as per the schedule of the reference order the dispute is with regard to eligibility of canteen allowance for the period from 14-6-1987 to 31-10-1987. Where as the demand of the union as per the claim statement is for the period 14-6-1986 to 31-10-1987. The conciliation file regarding this dispute has been produced before this court by Assistant Labour Commissioner (Central) (A.L.C. for short), which I am marking as Ext. C1 for convenience of discussion. Page numbers 1-A, 5 and 8 of this file are demand letters of unions addressed to the A.L.C., where in the claim is from June 1986. Page No. 11 of Ext. C1 file is the Minutes of the conciliation proceedings held on 21-11-1990 in which the management representative was also present. In the page it is stated that the security guards were required to attend duties during the period from 14-6-1986 to 31-10-1987. Page No. 15 of this conciliation file is the failure of conciliation report where in also the claim is stated for the period from 14-6-1986 to 31-10-1987. It is thus clear that the demand of the unions from the very beginning was for the period from 14-6-1986 to 31-10-1987. No doubt in the schedule of the reference order the dispute is stated for the period 14-6-1987 to 31-10-1987. In the light of specific statements in Ext. C1 file the date 14-6-1987 stated in the reference can only be considered as a mistake. The claim was definitely from the period in 14-6-1986 as per Ext. C1 file and the management has not raised any objection regarding the date of claim either at the conciliation stage or before this court till the time of final argument. In view of the above the objection raised by the management is only to be rejected.

6. The claim of the unions is for canteen allowance @ Rs. 1.50 per day. WW1 and WW2 have deposed that before the lay off period the management was conducting canteen in the Kaolin division and the workmen were getting food in the subsidised rates. It is also stated that in the Mulavana mines where there was no canteen facility the workmen were given canteen allowance @ Rs. 1.50 per day. It is admitted by MW1 also. According to the unions the canteen facility was stopped with effect from 13-6-1986 and the security guards involved in this dispute were made to work in all the 3 shifts during the entire period of lay off and they had to spend money from their pocket to meet the additional expenses for food and refreshment since there was no canteen facility. It is not disputed that the canteen facility was made available as required under the provisions of the Act. It is also not disputed that in the Mulavana mines the workmen were given Rs. 1.50 per day ue to the absence of canteen facility. So the present claim is justified on the ground that the canteen was not working and the canteen facility was not available to the security guards though the management is bound to provide such facility under Mines Act.

7. The claim is opposed by the management on the ground that during lay off period not more than 100 workmen were worked and the management was not bound to conduct the canteen. According to MW1 only if 250 workmen were employed the management is bound to conduct the canteen. Section 85(p) of the Act requires provision for canteen in mines where more than 250 persons are ordinarily employed. Admittedly more than 250 workmen are employed in the management company. So the normal strength of workers in the company is the ordinarily employed persons and not the number of workers employed each and every day. Since the employment strength on the roll of the company is more than 250, the management is bound to conduct a canteen. Merely because the number of persons employed were less than 100 due to lay off for certain period the management has no right to stop the canteen. The management has no case that lay off was due to the fault of the workmen. The security guards employed in all the 3 shifts during the period in question cannot be made to suffer for the reason that the other workmen were laid off by the management. No doubt running a canteen for less number of workmen may not be profitable. But the workmen employed during that period are eligible to get canteen facility or payment in lieu of such facility. The management has no case that during the period in question total employment strength of the company on the rolls was less than 250. Hence the management was bound to provide the canteen for the benefit of the employees who had worked during lay off. The stoppage of the canteen from 14-6-1986 was in controvention of the provisions of the Act also. In these circumstances the action of management in stopping the canteen was illegal and unjustified. The present argument on the ground of employment strength is without force.

8. Admittedly the management was paying Rs. 1.50 in the Mulavana mines where there was no canteen facility. That payment fully justifies the present claim of the security guards as the canteen was not working during the lay off period though these workmen were made to work in all the 3 shifts. As stated above the management is under an obligation to provide canteen facility. In the absence of canteen in Mulavana mines, canteen allowance was paid to the employees. It was thus a prevailing practice and hence become an implied condition of service. Some of the security guards in the Kaolin division had worked in Mulavana mines also during the lay off period. In view of the above the present claim is legal and justified. The above view is supported by a decision of the Supreme Court in Mcleod and Company V. Its workmen [1964 (1) L.L.J. 386]. In that case workmen claimed cash allowance in lieu of tiffin arrangement made by the company which was unsatisfactory according to the workmen. The arrangements for tiffin came to be introduced by the company on demand as 31 comparable concerns were supplying free tiffin to their employees. The Tribunal allowed the claim and the matter finally came before the Supreme Court. The apex court did not interfere the finding of the Tribunal. The court after finding how the prevailing arrangements came to be introduced held thus at page 388 :—

> "Under these circumstances, if the Tribunal took the view that the appellant was under an obligation to provide some cash allowance for tiffin to its employees, we do not see how we can interfere with it on the ground that the impugned decision is erroneous in law. The history of the relations between the parties coupled with the prevailing practice in the comparable concerns in the region strongly supports the view taken by the tribunal that in the appellant's concern it was an implied condition of service that in addition to the wages and dearness allowance, a provision for tiffin was an amenity to which the employees were entitled."

No doubt in the above case cash allowance in lieu of tiffin arrangement was a prevailing practice in comparable concern in the region which was also taken into account by the Tribunal, in the case before me canteen facility was a prevailing practice and in the absence of canteen at Mu'avana Mines payment of canteen allowance was in practice. Therefore the above decision of apex court is applicable here.

9. According to the learned counsel for the management there was no practice of paying canteen allowance to any body and an agreement for payment of canteen subsidy was entered into between the management and the unions only on 27-2-1988 and the agreement was fixed as Rs. 1.80 with effect from 1-11-1987. So the present claim is against the terms of that agreement according to the management. The present claim is for canteen allowance in lieu of canteen facility which was available to the employees earlier and not for canteen subsidy. Therefore Ext. M1 agreement has no relevance here. Further canteen subsidy was introduced when the running of the canteen was entrusted to a contractor and when the management was not directly running the canteen. The present claim is for the period when the management was directly running the canteen and there was no question of canteen subsidy. So the present argument on the basis of Ext. M1 is only to be rejected.

10. There is a dispute regarding the total number of workmen eligible to get the claim in this dispute. The claim of the unions is for 18 guards. But according to the management only 14 security guards were employed in the establishment as spoken to by MW1. Reliance was also placed on Ext. M2 the acquittance roll of Kaolin division for the period from 12/1984 to 8/1986. According to MW1 as per pages 247 and 248 of Ext. M2, which was marked as Ext. M2-A, only 14 guards were employed during May 1986. As per page 281 of Ext. M2, which was marked as Ext. M2-B only 14 guards were employed during the period July 1986.

So according to MW1 only a maximum of 14 security guards were employed. In Ext. M2-A and M2-B only names of employees employed are stated. There is no statement that particular persons were employed as security guards. However admittedly 14 security guards were employed. Further MW1 has admitted that in addition to 14 S/s. Joy, Cletus and Sunfucious were also employed as security guards but according to MW1 those 3 persons were employed for security duty also among other duties. MW1 has stated that considering the guard duty also of these 3 persons they were subsequently appointed in the company as guards. Since these 3 persons were admittedly employed for guard duty they are also eligible to get the facility for the days on which they were employed as guards. Thus he total number of guards employed becomes to 17. As per the conciliation file produced by the Assistant Labour Commissioner before this Tribunal also the claim was raised for only 17 persons. Therefore the 14 security guards admitted by MW1 as stated in Ext. M2-A and M2-B and S/Sh. Joy, Cletus and Sunfucious are eligible to get the facility now claimed by the unions.

11. In the result, an award is passed holding that the demand raised by the unions claiming canteen allowance in respect of 17 security guards involved in this dispute for the period from 14-6-1986 to 31-10-1987 is fair and justified and they are accordingly eligible to get Rs. 1.50 per day.

C. N. SASIDHARAN, Industrial Tribunal

APPENDIX

Witnesses examined on the side of the Workmen :

WW1.—Sri M. Pushparajan.

WW2.—Sri Y. Titus.

Witness examined on the side of the Management :

MW1.—Sri S. Y. Alexander.

Documents marked on the side of the Workmen :

Ext. W1.—Pay cover of Sri Y. Titus for the month of 5/1986.

Ext. W2.—Pay cover of Sri P. Poulose for the month of 2/1985.

Documents marked on the side of the Management :

Ext. M1.—True copy of the Minutes of meeting held at the Head Office of the management company on 27-2-1988 between the management and the unions.

Ext. M2.—Aquittance roll for the period from 12/1984 to 8/1986 of the Kayolin division of the management company.

Ext. M3.—Aquittance roll for the period from 9/1986 to 5/1988.

Ext. M4.—Series (3. numbers) wages registers of the employees for the period from 1-4-84 to 31-7-88.

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर, 1994

का. आ. 136.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार पंजाब नैशनल बैंक, कोटा के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण जयपुर के पंचाट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 23-12-94 को प्राप्त हुआ था ।

[संख्या एल-12012/422/90—आई. आर. बी.-2]
वी. के. शर्मा, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 26th December, 1994

S.O. 136.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Punjab National Bank, Kota and their workmen, which was received by the Central Government on 23-12-94.

[No. L-12012/422/90-IR(B-II)]
V. K. SHARMA, Desk Officer

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं सी.आई.टी. 18/91

रैफरैंस : केन्द्र सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना क्र. एल-12012/422/90-आई.आर.बी-II दि. 5-4-91.

महामंत्री, राजस्थान (स्टेट) बैंक वर्कर्स आरगेनाईजेशन, कोटा । —प्रार्थी

बनाम

क्षेत्रीय प्रबन्धक, पंजाब नेशनल बैंक, कोटा —अप्रार्थी

उपस्थित

माननीय न्यायाधीश श्री के एल व्यास, आर.एच.जे.एस.
प्रार्थी की ओर से : श्री आर.सी. जैन
अप्रार्थी की ओर से : श्री एस.सी. गुप्ता
दिनांक अवार्ड : 22-8-1994

अवार्ड

केन्द्रीय सरकार द्वारा श्रमिक श्री रमजान खां लिपिक, पंजाब नेशनल बैंक व उसके नियोजक प्रबन्धक पंजाब नेशनल बैंक, केन्द्रीय कार्यालय भरतपुर के मध्य उत्पन्न निम्न विवाद को अधिनिर्णय हेतु निर्देशित किया गया है

'Whether the action of the management of Punjab National Bank, Regional Manager, Bharatpur, in imposing punishment of two annual grade increments with cumulative effect on Shri Ramzan Khan, Clerk-cum-cashier at their Kota city branch and previously at Baran is legal and justified ? If not to what relief is the workman entitled ?'

2. श्रमिक द्वारा प्रस्तुत क्लेम के अनुसार कथित दुराचरण की घटना के समय उसकी ड्यूटी 29-9-87 को पंजाब नेशनल बैंक (जिसे बाद में बैंक संबोधित किया जायेगा) की बारां शाखा में लिपिक के पद पर थी व उसी रोज शाखा मैनेजर द्वारा श्रमिक को एक आरोप पत्र दिया जाकर निलंबित किया गया था । आरोप पत्र का जवाब श्रमिक द्वारा प्रस्तुत किया गया परन्तु उसे संतोषजनक नहीं मानने के कारण नियोजक द्वारा श्रमिक के विरुद्ध विभागीय जांच की गई तथा जांच सम्पूर्ण होने पर अनुशासनिक अधिकारी द्वारा श्रमिक के विरुद्ध दो वार्षिक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकने का आदेश दिया गया व श्रमिक

द्वारा अपील प्रस्तुत करने पर अपील अधिकारी द्वारा इस आदेश को कायम रखा गया। जांच कार्यवाही के आधार पर पारित किये गये दण्डादेश को श्रमिक ने सारांश में इन आधारों पर चुनौती दी है कि जांच के दौरान श्रमिक को अपनी प्रतिरक्षा समुचित रूप से प्रस्तुत करने का अवसर नहीं दिया गया, आरोप पत्र से सुसंगत प्रलेख की प्रतिलिपियां श्रमिक को उपलब्ध नहीं कराई गई तथा विभागीय गवाहान से जिरह करने का समुचित अवसर श्रमिक को नहीं दिया गया। जांच अधिकारी की रिपोर्ट की प्रतिलिपि श्रमिक को उपलब्ध नहीं कराने का आक्षेप भी क्लेम में लगाया गया है व इसके अलावा यह अभिकथित किया गया है कि जो साक्ष्य प्रस्तुत हुई थी उससे श्रमिक के विरुद्ध कोई भी आरोप नहीं बनता इसलिए जांच अधिकारी का विनिश्चय अनुचित है, जांच अधिकारी ने समस्त आरोपों को सिद्ध नहीं माना है व उसके बावजूद अनुशासनिक अधिकारी ने तथ्यों पर विचार किये बिना सरसरी तौर पर आक्षेपित दण्डादेश पारित किया है। शाखा प्रबन्धक द्वारा श्रमिक को दोषारोपण पत्र देने की कार्यवाही की वैधानिकता को भी श्रमिक ने चुनौती दी है व इसके अलावा यह आपत्ति ली है कि बैंक द्वारा बनाये गये अनुशासनिक नियमानुसार संचयी प्रभाव से वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने का आदेश पारित नहीं किया जा सकता।

3. नियोजक की ओर से प्रस्तुत जवाब में यह बताया गया है कि श्रमिक के खिलाफ जांच कार्यवाही पूरी तरह नियमानुसार की गई थी व जिस अधिकारी द्वारा आरोप पत्र जारी किया गया है वह द्विपक्षीय समझौते व उनके अनुसार बनाये गये नियमों के अनुसार यह कार्यवाही करने के लिए सक्षम था। जांच अधिकारी द्वारा नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों के अनुरूप समस्त कार्यवाही करना जवाब में बताया गया है वह यह भी कहा गया है कि श्रमिक को सुसंगत प्रलेख की प्रतिलिपियां उपलब्ध कराई गई थी, गवाहान से जिरह करने का व अपने गवाह प्रस्तुत करने का पूरा अवसर दिया गया था। यह वैकल्पिक अनुतोष भी मांगा गया है कि यदि किसी कारण जांच कार्यवाही को दूषित माना जावे तो नियोजक को श्रमिक के विरुद्ध लगाये गये दुराचरण को साबित करने का अवसर दिया जावे। बहस दोनों पक्षों की सुनी गई व उपलब्ध अभिलेख तथा प्रस्तुत विधि दृष्टान्तों पर विचार किया गया।

4. श्रमिक की ओर से दोषारोपण पत्र जारी करने के संबंध में जो विधिक आपत्ति ली गई है सर्वप्रथम उस पर विचार किया जाता है क्योंकि वह मामले को मूलभूत रुप से प्रभावित करती है। श्रमिक को आरोप पत्र शाखा प्रबंधक, बारां द्वारा 29-9-87 को जारी किया गया है। प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार इस प्रकार के मामले में अनुशासनिक अधिकारी बैंक की ओर से क्षेत्रीय प्रबन्धक को घोषित किया हुआ है व उन्हीं के समक्ष आरोप पत्र का जवाब श्रमिक ने प्रस्तुत किया था व बाद में उन्हीं के द्वारा घरेलू जांच करने के आदेश दिये गये थे। इस तथ्यात्मक व नियमों की स्थिति को देखते हुए श्रमिक की ओर से यह बहस की गई है कि शाखा प्रबन्धक श्रमिक के विरुद्ध आरोप पत्र जारी करने के लिए प्राधिकृत नहीं है व इसी कारण आगे की समस्त कार्यवाही अवैधानिक हो जाती है। बैंक के विद्वान प्रतिनिधि ने इस संबंध में 13-4-87 के एक परिपत्र व नियमों के संबंध में जारी किये गये आदेश की प्रतिलिपि प्रस्तुत की है जिसका पद सं 2(1) निम्न प्रकार है :

"The incumbent Incharge of each office is empowered to issue and serve charge-sheets on the defaulting workmen and to suspend them, if considered necessary, after obtaining prior approval from Disciplinary Authority designated under para (ii) below. In extreme exceptional cases where the employee is involved in a fraud of serious nature or commits an act of riotous behaviour in the premises of the Bank and it is considered expedient to suspend the employee immediately and prior permission cannot be obtained. He may be suspended by the Incumbent Incharge and subsequent approval of the Disciplinary Authority may be obtained immediately by advising the circumstances necessitating immediate actions. However, in respect of the employees of the Zonal|Reginoal Offices and exceptionally very large branches and divisions and Departments at HO, respective managers are authorised to issue and serve charge sheet and also to suspend, if necessary."

5. नियोजक पक्ष के प्रतिनिधि का कथन है कि उक्त नियम जो द्विपक्षीय समझौते के अनुरूप बनाये गये हैं उनको देखते हुए शाखा प्रबन्धक द्वारा आरोप पत्र जारी करना पूर्ण रूप से उचित है व सिर्फ निलम्बन की स्थिति में ही अनुशासनिक अधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है परन्तु अपवाद स्वरूप मामलों में पूर्व अनुमति के बिना भी शाखा प्रबन्धक द्वारा कर्मचारी को निलम्बित किया जा सकता है किन्तु आरोप पत्र जारी करने से पूर्व इस प्रकार की अनुमति प्राप्त करना आवश्यक नहीं है। जिस प्रकार की भाषा उक्त नियम में उपयोग में ली गई है उसकी व्याख्या निश्चित रूप से नियोजक प्रतिनिधि द्वारा बताई गई प्रक्रिया से किया जाना न्यायोचित है व निष्कर्ष यह है कि शाखा प्रबन्धक द्वारा जो दोषारोपण पत्र श्रमिक को जारी किया गया है वह कार्यवाही नियमानुसार वैधानिक है। द्विपक्षीय समझौता बैंक कर्मचारियों पर लागू है इस बाबत कोई भी आपत्ति श्रमिक की ओर से नहीं की गई है। श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि का कथन है कि द्विपक्षीय समझौते में इस प्रकार का नियम बनाने का कोई प्रावधान नहीं है जो तर्क मानने योग्य नहीं है क्योंकि उन्होंने द्विपक्षीय समझौते के खण्ड 19.14 में जो संशोधन 31-10-79 को हुआ है, उसका सहारा लेते हुए किसी भी रूप में यह बताने का प्रयास नहीं किया गया है कि उक्त समझौता बैंक को दोषारोपण पत्र के संबंध में नियम बनाने के लिए कोई शक्तियां प्रदान करता है। जहां तक श्रमिक के निलम्बन का प्रश्न है, वह बिन्दु इस विवाद में विचारणीय नहीं है इसलिए इस पर टिप्पणी करना अपेक्षित नहीं है कि श्रमिक के निलम्बन की कार्यवाही जो शाखा प्रबन्धक द्वारा की गई थी वह उचित थी या नहीं।

6. श्रमिक की ओर से एक आपत्ति वैधानिक रूप से यह ली गई है कि जांच अधिकारी जो बैंक द्वारा नियुक्त किया गया था वह प्रस्तुतकर्ता अधिकारी से वेतनमान के अनुसार कनिष्ट था इसलिए यह मानने का न्यायोचित आधार है कि जांच कर्ता प्रस्तुतकर्ता अधिकारी से प्रभावित हो सकता था व ऐसी स्थिति में जांच कार्यवाही को उचित नहीं माना जा सकता। जांच अधिकारी व प्रस्तुतकर्ता के पद व वेतनमान के संबंध में कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं हुई है लेकिन जांच का जो प्रलेख प्रस्तुत हुआ है उसमें जांच अधिकारी द्वारा 11-12-87 को आदेशिका में यह उल्लेख है कि प्रस्तुतकर्ता तृतीय वेतनमान के अधिकारी हैं जबकि जांच अधिकारी द्वितीय वेतनमान के अधिकारी हैं लेकिन इससे जांच कार्यवाही पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ता क्योंकि दोनों की नियुक्ति अनुशासनिक अधिकारी द्वारा की गई है। इस प्रकार जहाँ तक तथ्यों का प्रश्न है, यह साबित है कि जांच अधिकारी प्रस्तुतकर्ता अधिकारी से कनिष्ठ वेतनमान के थे किन्तु श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने ऐसा कोई भी नियम या विधि दृष्टान्त नहीं बताया है जिसके अनुसार सामान्य रूप से प्रस्तुतकर्ता अधिकारी की जांच अधिकारी से कनिष्ठ होना आज्ञापक या वांछित हो। श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने अभिलेख या परिस्थितियों को आधार बताते हुए यह बहस भी नहीं की है कि प्रस्तुतकर्ता अधिकारी के तुलनात्मक रूप से वरिष्ठ होने के कारण किसी भी प्रकार जांच अधिकारी विपरीत रूप से प्रभावित हुआ हो व इस कारण श्रमिक के विरुद्ध जांच निष्पक्ष रूप से नहीं हुई है। किसी भी नियम व विशेष परिस्थिति की उपस्थिति के अभाव में यह मानने का आधार नहीं रहता कि प्रस्तुतकर्ता अधिकारी के वरिष्ठ होने के कारण जांच अधिकारी ने प्रभावित होकर श्रमिक के विरुद्ध अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है।

7. श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने क्लेम में जांच के लिए एक आपत्ति यह ली है कि आरोप पत्र से सुसंगत प्रलेख की प्रतिलिपियां श्रमिक को उपलब्ध नहीं करायी गयी व बहस में भी इस तथ्य को आधार बनाया गया है। इसके बावजूद उनके द्वारा विशिष्ट रूप से यह नहीं बताया गया है कि श्रमिक को कौन से प्रलेख की प्रतिलिपि उपलब्ध नहीं कराई गई। श्रमिक द्वारा किसी भी प्रक्रम पर जांच अधिकारी के समक्ष या अनुशासनिक अधिकारी के समक्ष यह आपत्ति नहीं ली गई कि उन्हें किसी प्रलेख की प्रतिलिपि नहीं दी गई है जो उपलब्ध कराई जावे। यह बहस भी श्रमिक की ओर से नहीं की गई है कि कौनसा प्रलेख उपलब्ध नहीं होने से उसके हितों पर किस प्रकार प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। समस्त गवाहान से जिरह के दौरान भी इस प्रकार की आपत्ति श्रमिक की ओर से नहीं ली गई है जैसा कि अभिलेख के पठन से स्पष्ट होता है। अतः इस आपत्ति को अस्वीकार किया जाता है कि श्रमिक को सुसंगत प्रलेख की प्रतिलिपियां उपलब्ध नहीं कराई गई व इस कारण जांच कार्यवाही में वह अपना पक्ष समुचित रूप से नहीं रख सका।

8. श्रमिक की ओर से एक बहस यह की गई है कि जांच अधिकारी ने जो अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है वह इसलिए अनुचित है क्योंकि जिन आरोपों को जांच अधिकारी ने साबित माना है उनके लिए कोई भी साक्ष्य उपलब्ध नहीं है व चौथे अथवा अंतिम आरोप को जिस रूप में जांच अधिकारी ने साबित माना है इस प्रकार का आरोप श्रमिक के विरुद्ध नहीं लगाया गया है। जहां तक साक्ष्य व आरोपों के प्रमाणित होने का प्रश्न है, उसके लिए इतना इतना लिखना पर्याप्त है कि जांच अधिकारी ने जो प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है उसमें समस्त उपलब्ध साक्ष्य को व प्रस्तुत प्रलेख का विवेचन किया गया है व साक्ष्य के आधार पर किस आरोप को पूर्ण रूप से व किस आरोप को आंशिक रूप से साबित माना है। जांच अधिकारी द्वारा आरोप के संबंध में किये गये विवेचन को उसी स्थिति में अनुचित माना जा सकता है यदि उसको प्रमाणित मानने के लिए कोई भी वैधानिक साक्ष्य उपलब्ध नहीं हो अथवा उपलब्ध साक्ष्य को युक्तिसंगत रूप से विवेचन करने से आरोप को साबित नहीं माना जा सकता हो। यदि उपलब्ध साक्ष्य का विवेचन करने से संभावित रूप से दूसरा विनिश्चय लिया जा सकता है तो भी इस आधार पर जांच अधिकारी के विवेचन को अनुचित नहीं माना जा सकता। श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने बहस में साक्ष्य पर विवेचन करते हुए किसी भी रूप में यह बताने का प्रयास नहीं किया है कि किस बिन्दु पर जांच अधिकारी का विनिश्चय आरोप साबित मानने के संबंध में अनुचित है। न्यायाधिकरण द्वारा पूरी साक्ष्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया गया व इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि जांच अधिकारी ने आरोपों के संबंध में जो प्रतिवेदन दिया है वह उचित व साक्ष्य आधारित है।

9. आरोप श्रमिक के विरुद्ध कुल चार लगाये गये हैं। जांच अधिकारी के प्रतिवेदन में आरोप सं. 1 को पूर्ण रूप से साबित माना गया है जिसका आधार यह है कि श्रमिक कथित घटना के दिन 20 मिनट देरी से शाखा में उपस्थित हुआ था। दूसरा आरोप किसी ग्राहक के कलैक्शन हेतु चैक स्वीकार नहीं करने व उससे अभद्र व्यवहार करने के संबंध में है तथा इस आरोप के लिए मात्र यह साबित माना गया है कि श्रमिक ने दलीप कुमार ग्राहक के चैक को अस्वीकार किया इसलिए ग्राहक सेवा में व्यवधान उत्पन्न हुआ व ग्राहक के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। तीसरा आरोप शाखा प्रबन्धक के साथ अभद्र व्यवहार करने का व उनके वैधानिक आदेश की अवहेलना करने के संबंध में है। इस संबंध में जांच अधिकारी ने यह विनिश्चय दिया है कि आरोप सं. 3 का कोई भी भाग पूर्णतः सिद्ध नहीं होता है। अर्थ इसका यह है कि इस आरोप को साक्ष्य व परिस्थिति से प्रमाणित नहीं माना गया है। आरोप सं. 4 जो श्रमिक के विरुद्ध लगाया गया है उसमें यह तथ्य दर्ज किया गया है कि श्रमिक ने प्रबन्धक कक्ष में व बैंक हॉल में चिल्लाना शुरू कर दिया व नारे लगाय तथा कुछ नारों

का उल्लेख भी दोषारोपण पत्र में किया गया है। इस आरोप में कहीं भी यह उल्लिखित नहीं है कि श्रमिक बिना पूर्व अनुमति के शाखा परिसर से अनुपस्थित रहा हो किन्तु चारों आरोपों के बाद में दुराचरण की परिभाषा के संबंध में यह अवश्य उल्लेख किया गया है कि श्रमिक पूर्व अनुमति के बिना दिन भर शाखा परिसर से बाहर रहा जो गंभीर अवचार है। जांच अधिकारी ने चौथे आरोप के संबंध में यह विनिश्चय दिया है कि श्रमिक द्वारा बैंक परिसर में नारेबाजी करने का आरोप साक्ष्य से सिद्ध नहीं होता किन्तु यह साबित है कि श्रमिक बिना पूर्व अनुमति के बैंक परिसर छोड़कर पूरे दिन बाहर रहा व नारेबाजी की। इस प्रकार जो चौथा आरोप श्रमिक के विरुद्ध लगाया गया है उसमें बिना अनुमति शाखा परिसर से अनुपस्थित रहने का लक्ष्य उल्लिखित नहीं है व इस कारण जिस रूप में जांच अधिकारी ने आरोप साबित माना है वह विनिश्चय उचित नहीं कहा जा सकता। जो आरोप श्रमिक के विरुद्ध नहीं है उसके लिए न तो साक्ष्य ली जा सकती है व न हो उस संबंध में कोई विनिश्चय किया जा सकता है। इसलिए जहां तक जांच अधिकारी के प्रतिवेदन का प्रश्न है, उस संबंध में मात्र चौथे आरोप का विनिश्चय ही अनुचित कहा जा सकता है व बकाया आरोप जो भी प्रमाणित या अप्रमाणित माने गये हैं उनके संबंध में जांच अधिकारी के विनिश्चय को अनुचित या गलत मानने का कोई भी आधार नहीं है। इस आंशिक रूप से अनुचित विनिश्चय का तमाम जांच कार्यवाही पर कोई भी विपरीत प्रभाव नहीं माना जा सकता क्योंकि जो आरोप श्रमिक के विरुद्ध साबित माने गये हैं उनके आधार पर भी श्रमिक को दण्डित किया जा सकता है किन्तु अनुशासनिक अधिकारी द्वारा इस संबंध में अगले आदेश में अलग से विवेचन करना व निष्कर्ष निकालना आवश्यक है।

10. श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने एक वैधानिक आपत्ति यह ली है कि अनुशासनिक अधिकारी द्वारा जो दण्डादेश पारित किया गया है वह कारण सहित (स्पीकिंग आर्डर) नहीं है इसलिए विधिक रूप से उस आदेश को उचित नहीं माना जा सकता व इसी आधार पर आक्षेपित दण्डादेश अपास्त किये जाने योग्य है। इस संबंध में उन्होंने निम्न दो विधि दृष्टान्त प्रस्तुत किये हैं :

1. राजस्थान राज्य बनाम अमोलक चंद आर. एल आर. 1943 पेज 246।
2. सियाराम बनाम राजस्थान राज्य डब्ल्यू, एल. सी 1992 (1) पेज 352।

11. दोनों विधि दृष्टान्तों में यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया है कि अनुशासनिक अधिकारी का आदेश कारण सहित होना चाहिये व उसमें उन तथ्यों का व परिस्थितियों का उल्लेख होना चाहिये जिनके आधार पर आरोप को प्रमाणित मानते हुए श्रमिक के विरुद्ध दण्डादेश पारित किया गया है क्योंकि इससे श्रमिक को अनुशासनिक अधिकारी के समय अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने में व अपील प्रस्तुत करने में सहायता मिलती है। इन विधि दृष्टान्तों में यह भी प्रतिपादित किया गया है कि यदि इस प्रकार कारण सहित दण्डादेश पारित नहीं किया जा सकता है तो उसे वैधानिक नहीं माना जा सकता। नियोजक की ओर से इस संबंध में कोई भी विपरीत विधि दृष्टान्त प्रस्तुत नहीं किया गया है संदर्भित विधि दृष्टान्तों में जो सिद्धान्त प्रतिपादित किये गये हैं। उनको दृष्टिगत रखते हुए परिशिष्ट "7" दण्डादेश पर विचार किया जाना वांछित है। इस आदेश में मात्र यह लिखा गया है कि द्विपक्षीय समझौते के प्रावधानों के अनुसार श्रमिक को और अवचार का दोषी मानते हुए दो वार्षिक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकने से दण्ड से दण्डित किया जाना प्रस्तावित है इसलिए श्रमिक अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर सकता है। श्रमिक के स्पष्टीकरण के पश्चात इसी प्रस्तावित दण्डादेश की पुष्टि अनुशासनिक अधिकारी द्वारा की गई है। परिशिष्ट–7 आदेश के पठन से यह स्पष्ट है कि उसमें न तो यह उल्लेख है कि श्रमिक के विरुद्ध क्या आरोप है, न ही यह उल्लेख है कि जांच अधिकारी द्वारा किन आरोपों को साबित माना गया है उनके लिए क्या साक्ष्य व परिस्थितियां उपलब्ध है। यदि जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट से अनुशासनिक अधिकारी द्वारा सहमति प्रकट की जाती है तो उस स्थिति में विस्तृत साक्ष्य का विवेचन करना आवश्यक नहीं हो सकता किन्तु सारांश में आरोप की प्रकृति, जांच अधिकारी के प्रतिवेदन का सारांश व साक्ष्य सारांश उल्लिखित किया जाना हर हालत में आज्ञापक है। परिशिष्ट-7 आदेश किस प्रकार से पारित किया गया है उससे यह स्पष्ट है कि आज्ञापक आवश्यक तत्वों की समाविष्टि आदेश में नहीं की गई है व इस कारण इस आदेश को कारण सहित होना नहीं माना जा सकता यह मान्य विधि सिद्धान्त है कि जहां अनुशासनिक अधिकारी का आदेश कारण सहित नहीं हो उस स्थिति में आक्षेपित दण्डादेश को अपास्त करने के अलावा न्यायाधिकरण के समक्ष और कोई भी विकल्प नहीं रहता।

12. श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने अपनी बहस में यह भी बताया है कि जांच अधिकारी ने श्रमिक के प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में कुछ गवाहों के बयान लिये है तथा उस रोज जांच कार्यवाही को स्थगित करने के उचित कारण या फिर भी स्थगन स्वीकार नहीं किया गया इसलिए श्रमिक के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है यह इस आधार पर भी जांच कार्यवाही को उचित नहीं माना जा सकता। इस संबंध में उन्होंने जांच अधिकारी द्वारा तैयार की गई विभिन्न आदेशिकाओं की ओर न्यायाधिकरण का ध्यान आकर्षित किया है। सर्वप्रथम जांच अधिकारी के समक्ष 11-12-87 को सम्पन्न हुई थी व उस रोज दोनों पक्षों के प्रतिनिधि उपस्थित थे इसके पश्चात् 20-1-88 को कार्यवाही की गई व उस रोज भी दोनों प्रतिनिधि उपस्थिति थे व कुछ प्रलेख के आदान-प्रदान के अलावा कोई कार्यवाही नहीं हुई थी। 8-3-88 को आरोपित के प्रतिनिधि श्री

डी. पी० बंसल उपस्थित नहीं थे व आरोपित कर्मचारी ने आगे तारीख देने का अनुरोध किया था जो स्वीकार किया गया। आदेशिका के पठन से यह भी स्पष्ट है कि उस रोज कोई भी विभागीय गवाह उपस्थित नहीं था व आगे की तारीख 6-4-88 निश्चित की गई थी किन्तु जाँच अधिकारी उस रोज प्रशिक्षण हेतु दिल्ली गये थे इसलिए आगे तारीख 15-4-88 निश्चित की गई। 15-4-88 को दोनों प्रतिनिधि उपस्थित थे व विभाग की ओर से दो गवाहों के बयान कराये गये थे अगली तारीख 16-4-88 को प्रबन्धक का कोई गवाह उपस्थित नहीं था व श्रमिक की ओर से साक्ष्य बंद करने का अनुरोध किया गया जो अस्वीकार किया जाकर 10-5-88 की तिथि निश्चित की गई। 10-5-88 को आरोपित के प्रतिनिधि श्री डी. पी. बंसल उपस्थित थे परन्तु स्वयं आरोपित उपस्थित नहीं था व आरोपित के प्रतिनिधि ने यह अनुरोध किया कि आरोपित के निर्देश के अभाव में वे बयान कराने में असमर्थ है व इस अनुरोध पर आगामी तारीख 31-5-88 निश्चित की गई। 31-5-88 व 7-6-88 की जाँच अधिकारी के अन्य कार्य में व्यस्त होने के कारण स्थगन किया गया व 14-6-88 को आगे की तारीख तक की गई उस रोज प्रस्तुतकर्ता श्री एम. एल. गुप्ता व बचाव प्रतिनिधि श्री बंसल दोनों ही उपस्थित नहीं थे व इस कारण आगे की तारीख 12-7-88 तय की गई। 12-7-88 को भी दोनों पक्षों के प्रतिनिधि उपस्थित नहीं होने के कारण कार्यवाही स्थगित की गई। अंत में 20-9-88 को व 11-10-88 को आरोपित के प्रतिनिधि श्री डी. पी. बंसल उपस्थित नहीं थे व दोनों ही रोज जांच अधिकारी को उनकी अनुपस्थिति के संबंध में तार व सूचना प्राप्त हुई थी व श्रमिक ने भी लिखित आवेदन कर यह अनुरोध किया था कि आगे की तारीख दी जाये क्योंकि उनके प्रतिनिधि उचित कारण से उपस्थित नहीं हो सकेंगे। दोनों तिथि पर आरोपित के अनुरोध को अस्वीकार किया गया व 20-9-88 को परिवादी दिलीप कुमार शर्मा का बयान लिया गया व 11-10-88 को स्वयं आरोपित के बयान प्रतिरक्षा में दर्ज किये गये। अंतिम दोनों आदेशिकाओं को आधार बनाते हुए यह बहस की गई है कि जब पूर्व में प्रबन्धक पक्ष के गवाह उपस्थित नहीं थे व प्रस्तुतकर्ता उपस्थित नहीं था तो भी स्थगन जारी किया गया था लेकिन इन दो तिथियों को बचाव प्रतिनिधि उचित कारण से अनुपस्थित था इसके बावजूद विभागीय व बचाव पक्ष के बयान उनकी अनुपस्थिति में लिये गये जिससे श्रमिक न तो समुचित रूप से प्रतिवादी से जिरह कर सकता व न ही सही रूप से अपनी साक्ष्य प्रस्तुत कर सका उनके कथन का सार यह है कि दोनों तिथि पर स्थगन स्वीकृत करने के न्यायोचित कारण थे परन्तु ऐसा जाँच अधिकारी द्वारा नहीं करने से जिस प्रकार बयान लिये गये है उसको देखते हुए जांच कार्यवाही को उचित नहीं माना जा सकता क्योंकि श्रमिक इस संबंध में पर्याप्त दक्षता नहीं रखता था। जिस प्रकार के तथ्य जांच अधिकारी की आदेशिकाओं के आधार पर उल्लिखित व विवेचित किये गये है उनको देखते हुए यह मानने का आधार है कि दिनांक 11-10-88 से 20-9-88 को आरोपित के अनुरोध पर जाँच कार्यवाही को स्थगित करने के समुचित कारण थे व उसके अभाव में श्रमिक के विरुद्ध की गई जाँच को उचित नहीं माना जा सकता।

13. श्रमिक की ओर से एक वैधानिक बहस यह की गई है कि द्विपक्षीय समझौते के आधार पर अनुशासनिक कार्यवाही के जो प्रावधान बनाये गये हैं उनके अनुसार अध्याय 22 के नियम 6 (डी) में मात्र वेतन वृद्धि रोकने का प्रावधान है तथा संचयी प्रभाव से वेतन वृद्धि रोकने का कोई भी नियम नहीं है इसलिए जो संचयी प्रभाव से वेतन वृद्धि रोकने का दण्डादेश अनुशासनिक अधिकारी द्वारा पारित किया गया है यह अवैधानिक है। इस संबंध में अलकेन्द्र सरकार बनाम पश्चिम बंगाल राज्य एस.एल.आर. 1981 पेज 33 को अवलम्ब लिया गया है। चूंकि श्रमिक के विरुद्ध पारित दण्डादेश की कार्यवाही को अन्य आधारों पर अनुचित माना गया है इसलिए इस विधिक बिन्दु पर विवेचन किया जाकर अलग से राय व्यक्त करना अपेक्षित व आवश्यक नहीं है।

14. जांच कार्यवाही से संबंधित तथ्यों व विधिक स्थिति के विवेचन के परिणामस्वरूप विवाद में अधिनिर्णय इस प्रकार किया जाता है कि क्षेत्रीय प्रबन्धक, पंजाब नेशनल बैंक, भरतपुर द्वारा श्रमिक रमजान खान के विरुद्ध दो वार्षिक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकने का पारित दण्डादेश अनुचित व अवैधानिक है जिसे अपास्त किया जाता है व इसके फलस्वरूप श्रमिक समस्त सुसंगत परिलाभ प्राप्त करने का अधिकारी होगा।

15. अवार्ड आज दिनांक 22-8-94 को लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जावे।

के. एल. व्यास, पीठासीन अधिकारी

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर, 1994

का. आ. 137.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार पंजाब नेशनल बैंक भरतपुर के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 23-12-94 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल 12012/429/90-आई आर बी —2]

बी. के. शर्मा, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 26th December, 1994

S.O. 137.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Punjab National Bank, Kota and their workmen, which was received by the Central Government on 23-12-94.

[No .L-12012/429/90-IR(B-II)]
V. K. SHARMA, Desk Officer

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी. आई. टी. 25/1991

रैफरेंस :—केन्द्र सरकार श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेश क्रमांक एल. 12012/429/90—आई. आर./डी. दिनांक 5-4-91

श्री बाबू लाल क्लर्क-कम-कैशियर मार्फत महासचिव राजस्थान बैंक वर्कर्स आरगेनाईजेशन कोटा।

—प्रार्थी

बनाम

क्षेत्रीय प्रबन्धक, पंजाब नैशनल बैंक, भरतपुर।

—अप्रार्थी

उपस्थित

माननीय न्यायाधीश श्री के. एस. व्यास, आर. एच.जे.एस

प्रार्थी की ओर से श्री आर. सी. जैन

अप्रार्थी की ओर से श्री एस. सी. नेगी व श्री एस. सी. गुप्ता

दिनांक अवार्ड : 22-8-94

अवार्ड

केन्द्रीय सरकार द्वारा निम्न विवाद इस न्यायाधीकरण में अधिनिर्णय हेतु निर्देशित किया गया है :

'Whether the action of the management of Punjab National Bank, Regional Manager, Bharatpur in imposing punishment of stoppage of two annual grade increments with cumulative effect on Shri Babulal clerk-cum-cashier at their Kota city branch and previously at Baran is legal and justified ? If not, to what relief is the workman entitled ?'

2. श्रमिक द्वारा प्रस्तुत क्लेम में आक्षेपित दण्डादेश के संबंध में यह आपत्तियां ली गई हैं कि जांच अधिकारी द्वारा सम्पन्न की गई कार्यवाही इसलिए उचित नहीं है क्योंकि जांच अधिकारी द्वारा श्रमिक सम्पन्न की गई कार्यवाही इसलिए उचित नहीं है क्योंकि जांच अधिकारी द्वारा श्रमिक के प्रतिनिधि के अभाव में विभागीय व बचाव पक्ष के गवाहान के बयान लिए गए व इसके अलावा यह अभिकथित किया गया है कि जांच अधिकारी के उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर आरोपों के संबंध में जो विनिश्चय दिया है वह अनुचित है तथा अनुशासनिक अधिकारी ने श्रमिक के विरुद्ध दो वार्षिक वेतन वृद्धियां रोकने का जो आदेश पारित किया है वह कारण सहित नहीं होने से वैधानिक रूप से आपस्त किए जाने योग्य है व इसके अलावा यह आपत्तियां ली गई हैं कि कर्मचारी को आरोप पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा नहीं दिया गया है तथा बैंक ने जिस प्रस्तुतकर्ता को नियुक्त किया था वे जांच अधिकारी से वरिष्ठ थे इसलिए जांच अधिकारी द्वारा निष्पक्ष रूप से व बिना प्रभाव के अपनी रिपोर्ट देना व जांच कार्यवाही करना संभव नहीं था।

3. नियोजक ने अपने जवाब में श्रमिक द्वारा ली गई समस्त आपत्तियों का खण्डन करते हुए यह बताया है कि जांच कार्यवाही पूरी तरह नियमानुसार व नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों के अनुरूप की गई है, आरोप पत्र नियमानुसार सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया है व बैंक का ऐसा कोई नियम नहीं है कि प्रस्तुतकर्ता जांच अधिकारी से कनिष्ठ होना चाहिए। यह भी जवाब में बताया गया है कि जो साक्ष्य प्रस्तुत हुई है उससे समस्त आरोप श्रमिक के खिलाफ प्रमाणित होता है। बहस दोनों पक्षों की सुनी गई तथा उपलब्ध अभिलेख का व प्रस्तुत विधि दृष्टान्तों पर विचार किया गया।

4. श्रमिक की ओर से दोषारोपण पत्र जारी करने के संबंध में जो विधिक आपत्ति ली गई है सर्वप्रथम उस पर विचार किया जाता है क्योंकि वह मामले को मूलभूत रूप से प्रभावित करती है। श्रमिक को आरोप पत्र शाखा प्रबन्धक द्वारा द्वारा 30-9-87 को जारी किया गया है। प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार इस प्रकार के मामले में अनुशासनिक अधिकारी बैंक की ओर से क्षेत्रीय प्रबन्धक को घोषित किया हुआ है व उन्हीं के समक्ष आरोप पत्र का जवाब श्रमिक ने प्रस्तुत किया था व बाद में उन्हीं के द्वारा घरेलू जांच करने के आदेश दिए गए थे। इस तथ्यात्मक व नियमों की स्थिति को पूछते हुए श्रमिक की ओर से यह बहस की गई है कि शाखा प्रबंधक श्रमिक के विरुद्ध आरोप पत्र जारी करने के लिए प्राधिकृत नहीं है व इसी कारण आगे की समस्त कार्यवाही अवैधानिक हो जाती है। बैंक के विद्वान प्रतिनिधि ने इस संबंध में 13-4-87 के एक परिपत्र व नियमों के संबंध में जारी किए गए आदेश की प्रतिलिपि प्रस्तुत की है जिसका पद सं. 2(1) निम्न प्रकार है :

'The incumbent Incharge of each office is empowered to issue and serve charge-sheets on the defaulting workmen and to suspend them, if considered necessary, after obtaining prior approval from Disciplinary Authority designated under para (ii) below. In extreme exceptional cases where the employee is involved in a fraud of serious nature or commits an act of riotous behaviour in the premises of the Bank and it is considered expedient to suspend the employee immediately and prior permission cannot be obtained, He may be suspended by the Incumbent Incharge and subsequent approval of the Disciplinary Authority may be obtained immediately by advising the circumstances necessitating immediate action. However, in respect of the employees of the Zonal Regional Offices and exceptionally very large branches and divisions and Departments at HO, respective managers are authorised to issue and serve charge sheet and also to suspend, if necessary.'

5. नियोजक पक्ष के प्रतिनिधि का कथन है कि उक्त नियम जो द्विपक्षीय समझौते के अनुरूप बनाए गए हैं उनको देखते हुए शाखा प्रबन्धक द्वारा आरोप पत्र जारी करना पूर्ण रूप से उचित है। व सिर्फ निलम्बन की स्थिति में ही अनुशासनिक अधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है परन्तु अपवाद स्वरूप मामलों में पूर्व अनुमति के बिना भी शाखा प्रबन्धक द्वारा कर्मचारी को निलम्बित किया जा सकता है किन्तु आरोप पत्र जारी करने से पूर्व इस प्रकार की अनुमति प्राप्त करना आवश्यक नहीं है। जिस प्रकार की भाषा उक्त नियम में उपयोग में ली गई है उसकी व्याख्या निश्चित रूप से नियोजक प्रतिनिधि द्वारा बताई गई प्रक्रिया से किया जाना न्यायोचित है व निष्कर्ष यह है कि शाखा प्रबन्धक द्वारा जो दोषारोपण पत्र श्रमिक को जारी किया गया है वह कार्यवाही नियमानुसार वैधानिक है। द्विपक्षीय समझौता बैंक कर्मचारियों पर लागू है इस बाबत कोई भी आपत्ति श्रमिक की ओर से नहीं की गई है। श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि का कथन है कि द्विपक्षीय समझौते में इस प्रकार का नियम बनाने का कोई प्रावधान नहीं है जो तर्क मानने योग्य नहीं है क्योंकि उन्होंने द्विपक्षीय समझौते के खण्ड 19.14 में जो संशोधन 31-10-79 को हुआ है, उसका सहारा लेते हुए किसी भी रूप में यह बताने का प्रयास नहीं किया है कि उक्त समझौता बैंक को दोषारोपण पत्र के संबंध में नियम बनाने के लिए कोई शक्तियां प्रदान करता है। जहां तक श्रमिक के निलम्बन का प्रश्न है वह बिन्दु इस विवाद में विचारणीय नहीं है इसलिए इस पर टिप्पणी करना अपेक्षित नहीं है कि श्रमिक के निलम्बन की कार्यवाही जो शाखा प्रबन्धक द्वारा की गई थी वह उचित थी या नहीं।

6. श्रमिक की ओर से एक आपत्ति वैधानिक रूप से यह ली गई है कि जांच अधिकारी जो बैंक द्वारा नियुक्त किया गया था वह प्रस्तुतकर्ता अधिकारी के वेतनमान के अनुसार कनिष्ठ था इसलिए यह मानने का न्यायोचित आधार है कि जांच कर्ता प्रस्तुतकर्ता अधिकारी से प्रभावित हो सकता था व ऐसी स्थिति में जांच कार्यवाही को उचित नहीं माना जा सकता। जांच अधिकारी व प्रस्तुतकर्ता के पद व वेतनमान के संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं हुई है लेकिन जांच का जो प्रलेख प्रस्तुत हुआ है उसमें जांच अधिकारी द्वारा 11-12-87 की आदेशिका में यह उल्लेख है कि प्रस्तुतकर्ता तृतीय वेतनमान के अधिकारी हैं जबकि जांच अधिकारी द्वितीय वेतनमान के अधिकारी हैं लेकिन इससे जांच कार्यवाही पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ता क्योंकि दोनों की नियुक्ति अनुशासनिक अधिकारी द्वारा की गई है। इस प्रकार जहां तक तथ्यों का प्रश्न है, यह साबित है कि जांच अधिकारी प्रस्तुतकर्ता अधिकारी से कनिष्ठ वेतनमान के थे किन्तु श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने ऐसा कोई भी नियम या विधि दृष्टान्त नहीं बताया है जिसके अनुसार सामान्य रूप से प्रस्तुतकर्ता अधिकारी का जांच अधिकारी से कनिष्ठ होना आक्षापक या वांछित हो। श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने अभिलेख या परिस्थितियों को आधार बताते हुए यह बहस भी नहीं की है कि प्रस्तुतकर्ता अधिकारी के तुलनात्मक रूप से वरिष्ठ होने के कारण किसी भी प्रकार जांच अधिकारी विपरीत रूप से प्रभावित हुआ हो व इस कारण श्रमिक के विरुद्ध जांच निष्पक्ष रूप से नहीं हुई है। किसी भी नियम व विशेष परिस्थिति की उपस्थिति में अभाव में यह मानने का आधार नहीं रहता कि प्रस्तुतकर्ता अधिकारी के वरिष्ठ होने के कारण जांच अधिकारी ने प्रभावित होकर श्रमिक के विरुद्ध अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है।

7. श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने अपनी बहस में एक तर्क यह दिया है कि जांच अधिकारी द्वारा सम्पन्न की गई कार्यवाही इसलिए उचित व निष्पक्ष नहीं है क्योंकि अकारण श्रमिक के प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में विभागीय व बचाव पक्ष के गवाहान के बयान दर्ज किए गए हैं जिससे श्रमिक अपना जवाब सही रूप से नहीं रख सका। जांच अधिकारी द्वारा तैयार किए गए अभिलेख के पठन से यह स्पष्ट होता है कि दिनांक 9-5-88 जांच कार्यवाही में मूल रूप से पहली तारीख थी जिस दिन प्रभावी कार्यवाही होनी थी। उसी रोज श्रमिक के प्रतिनिधि द्वारा कुछ वैधानिक आपत्तियां जांच अधिकारी के समक्ष ली गई थी जिनको उन्होंने स्वीकार नहीं किया। 21-9-88 को विभागीय गवाहान के बयान के लिए तारीख निश्चित की गई थी व उस रोज बचाव प्रतिनिधि उपस्थित नहीं था किन्तु इसके बावजूद बिना कोई कारण दर्ज किए जांच अधिकारी द्वारा विभागीय गवाहों के बयान दर्ज किए गए। इससे पूर्व 16-6-88 को किसी भी पक्ष के प्रतिनिधि उपस्थित नहीं थे व जांच अधिकारी ने स्थगन स्वीकृत कर दिया था। पुनः 12-10-88 को भी स्वयं आरोपित उपस्थित था व इसके प्रतिनिधि उपस्थित नहीं था। आदेशिका में यह उल्लेख है कि उस रोज बचाव प्रतिनिधि ने तारीख बदलने के लिए तार दिया था जो जांच अधिकारी को प्राप्त भी हो गया था किन्तु इसके बावजूद जांच अधिकारी ने स्थगन स्वीकृत करना उचित नहीं समझा। कोई भी स्पष्ट कारण जांच प्रतिनिधि के अनुरोध को अस्वीकार करने का उल्लिखित नहीं किया गया है। इस प्रकार दोनों आदेशिकाओं के पठन से यह स्पष्ट है कि बचाव प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में आरोपित के अनुरोध के बावजूद जांच अधिकारी द्वारा गवाहान के बयान दर्ज किए गए थे व बचाव प्रतिनिधि की अनुपस्थिति के संबंध में प्रार्थना स्वीकार करने के संबंध में कोई भी स्पष्ट व उचित कारण आदेशिका में दर्ज नहीं किए गए हैं। नैसर्गिक न्याय का यह सिद्धान्त है कि जहां जांच कार्यवाही के बचाव प्रतिनिधि की नियुक्ति की गई हो वहां बिना किसी विशेष कारण के जांच कार्यवाही में बचाव प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में साक्ष्य नहीं ली जानी चाहिए व यदि प्रतिनिधि द्वारा अनुपस्थिति के बाबत

अनुरोध किया जाता है तो न्याय हित में उचित समय प्रदान किया जाना चाहिए । यह सही है कि आंशिक रूप से जांच कार्यवाही को लंबित अधिक समय तक नहीं रखा जा सकता किन्तु इसके विपरीत श्रमिक के हितों को देखते हुए तर्क संगत कारणों पर उचित स्थगन स्वीकृत किया जाना भी आवश्यक है । नियोजक के विद्वान प्रतिनिधि ने आदेशिकाओं के आधार पर या अन्य किसी कारण पर यह न्यायाधिकरण की सन्तुष्टि नहीं की है कि जांच अधिकारी ने बचाव प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में जो बयान दर्ज किया है व कार्यवाही उचित है तथ्यों के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि जांच अधिकारी द्वारा बचाव प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में बयान लेने की जो कार्यवाही की गई है वह सही नहीं है व इस आधार पर जांच कार्यवाही को उचित नहीं माना जा सकता।

8. श्रमिक की ओर से एक बहस वैधानिक रूप से यह की गई है कि अनुशासनिक अधिकारी ने दण्डादेश का जो आदेश पारित किया है वह कारण सहित (स्पीकिंग आर्डर) नहीं होने से अपास्त किये जाने योग्य है । यह आदेश 23-1-89 का है जिसके जरिये सचयी प्रभाव से दो वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने का प्रस्ताव किया गया था। आदेश के पठन से यह स्पष्ट है कि उसमें न तो यह उल्लेख है कि श्रमिक के विरुद्ध आरोप लगाया है, न ही यह उल्लेख है कि जांच अधिकारी ने किन आरोपों को प्रमाणित माना है व न ही यह उल्लेख है कि प्रमाणित माने गये आरोपों के लिए क्या साक्ष्य व परिस्थितियां उपलब्ध हैं। मात्र यह लिखा गया है कि जांच अधिकारी की रिपोर्ट व दस्तावेज एवं गवाहों के आधार पर दुराचरण का आरोप साबित माना जाता है। श्रमिक के विरुद्ध कुल तीन आरोप जांच कार्यवाही में लगाये गये थे। इनमें से प्रथम आरोप की जांच अधिकारी ने साबित माना है व दूसरे आरोप के लिए यह लिखा है कि साक्ष्य से साबित नहीं होता है। तीसरे आरोप के संबंध में आंशिक रूप से आरोप साबित मानते हुए यह लिखा गया है कि श्रमिक 20-7-87 को अवैधानिक हड़ताल पर रहा किन्तु यह सिद्ध नहीं माना गया है कि उसके द्वारा किसी विशेष व्यक्ति के संबंध में नारेबाजी की गई हो। इस प्रकार जांच अधिकारी ने साक्ष्य के आधार पर एक आरोप को प्रमाणित, एक को अप्रमाणित व एक को आंशिक रूप से प्रमाणित माना है। अनुशासनिक अधिकारी ने परिशिष्ट 6 आदेश में यह भी नहीं लिखा है कि जांच अधिकारी का आरोपों के संबंध में क्या विनिश्चय है। परिशिष्ट-6 आदेश के संबंध में श्रमिक का स्पष्टीकरण प्राप्त होने के पश्चात् मात्र प्रस्तावित दण्डादेश की पुष्टि अनुशासनिक अधिकारी द्वारा की गई है व उसमें भी अलग से कोई कारण उल्लिखित नहीं किया गया है। श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने इन तथ्यों को देखते हुए माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के दो निर्णय सिद्धाराम बनाम राजस्थान राज्य डब्ल्यू.एल.सी. 1992 (1) पेज 352 व राजस्थान राज्य बनाम श्रमोलक चंद आर.एल.आर. 1983 पेज 246 को संदर्भित किया है। दूसरे संदर्भित निर्णय में जो आदेश माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती अधीन था उसमें भी कर्मचारी के दो वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने का दण्ड दिया गया है। इन विधि दृष्टान्तों में जो सिद्धान्त प्रतिपादित किये गये हैं उनको देखते हुए किसी भी रूप में 23-1-89 के अनुशासनिक अधिकारी के आदेश को सकारण पारित किया हुआ नहीं माना जा सकता। ऐसी स्थिति में उस आदेश को अपास्त करना पूर्ण रूप से वैधानिक है।

9. श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने यह बहस की थी कि जांच अधिकारी ने पूर्ण रूप से आंशिक रूप से जिन आरोपों को साबित माना है उनका यह विनिश्चय उचित नहीं है क्योंकि इसका कोई भी आधार उपलब्ध साक्ष्य से नहीं बनता। उनका यह तर्क स्वीकार किये जाने योग्य नहीं है। जांच प्रतिवेदन में उपलब्ध साक्ष्य पर विस्तृत रूप से विचार किया गया है व यह स्थिति नहीं बनती कि जिन आरोपों को पूर्ण रूप से व आंशिक रूप से जांच अधिकारी ने साबित माना है उनके लिए कोई भी वैधानिक साक्ष्य उपलब्ध नहीं है अथवा उपलब्ध साक्ष्य से इस प्रकार का विनिश्चय किसी भी स्थिति में निकालना संभव नहीं हो। जांच अधिकारी द्वारा अपने विवेक का उपयोग करते हुए साक्ष्य का जिस प्रकार से विवेचन किया गया है उसको गलत या अतार्किक नहीं माना जा सकता। एक गवाह दिलीप कुमार को विभागीय गवाह के रूप में प्रस्तुत नहीं किया गया है किन्तु उसकी साक्ष्य के बिना भी जो अन्य गवाह उपस्थित हुए हैं उनसे जांच अधिकारी ने आरोपों को साबित मानने का जो विनिश्चय किया है वह अनुचित नहीं है। श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने विशिष्ठ रूप से साक्ष्य व परिस्थितियों का विश्लेषण करके यह बताने का प्रयास नहीं किया है कि जांच अधिकारी का विनिश्चय किस प्रकार अनुचित है।

10. नियोजक के विद्वान प्रतिनिधि ने प्रस्तुत जवाब के आधार पर यह बहस की है कि यदि किसी कारण न्यायाधिकरण जांच कार्यवाही को उचित नहीं माने तो श्रमिक के विरुद्ध दुराचरण का आरोप साबित करने के लिए साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया जावे। इस प्रार्थना का श्रमिक की ओर से इस आधार पर विरोध किया गया है कि धारा 11-ए औद्योगिक विवाद अधिनियम व इससे पूर्व धारा 10 औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत जो सिद्धान्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय व विभिन्न न्यायालयों द्वारा प्रतिपादित किये गये हैं उनसे कहीं भी यह प्रकट नहीं होता कि सेवा मुक्ति के मामले के अलावा अन्य मामलों में भी नियोजक को दुराचरण के संबंध में नियोजक को न्यायाधिकरण के समक्ष साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया जा सकता है। प्रस्तुत प्रकरण श्रमिक की सेवा मुक्ति से संबंधित नहीं है। श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के सर्वविदित फायरस्टोन के मामले को संदर्भित किया है व नियोजक की ओर से ऐसा कोई विधि दृष्टान्त प्रस्तुत नहीं किया गया है जिसमें यह प्रतिपादित किया गया हो कि वर्तमान मामले में यदि जांच कार्यवाही को अनुचित माना जावे तो नियोजक को न्यायाधिकरण के समक्ष साक्ष्य

प्रस्तुत करने का अवसर वैधानिक रूप से दिया जा सकता है। इसके अलावा एक तथ्य यह भी विचारणीय है कि जांच कार्यवाही को अनुचित मानने के अलावा आक्षेपित दण्डादेश का इस आधार पर भी गलत माना गया है कि अनुशासनिक अधिकारी का आदेश कारण सहित नहीं है व उस स्थिति में जांच कार्यवाही को अनुचित मानने का आधार नहीं होता व किसी भी रूप में नियोजक को ऐसी परिस्थिति में साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर नहीं दिया जा सकता। यदि अनुशासनिक अधिकारी का आदेश कारण सहित नहीं है तो उस स्थिति में आक्षेपित दण्डादेश को कायम नहीं रखा जा सकता।

11. श्रमिक की ओर से एक वैधानिक बहस यह की गई है कि द्विपक्षीय समझौते के आधार पर अनुशासनिक कार्यवाही के जो प्रावधान बनाये गये हैं उनके अनुसार अध्याय 22 के नियम 6(डी) में मात्र वेतन वृद्धि रोकने का प्रावधान है तथा संचयी प्रभाव से वेतन वृद्धि रोकने का कोई भी नियम नहीं है इसलिए जो संचयी प्रभाव से वेतन वृद्धि रोकने का दण्डादेश अनुशासनिक अधिकारी द्वारा पारित किया गया है वह अवैधानिक है। इस संबंध में अलकेन्द्र कुमार सरकार बनाम पश्चिम बंगाल राज्य एस.एल.आर. 1981 पेज 33 का अवलम्ब लिया गया है। चूंकि श्रमिक के विरुद्ध पारित दण्डादेश की कार्यवाही को अन्य आधारों पर अनुचित माना गया है इसलिए इस विधिक बिन्दु पर विवेचन किया जाकर अलग से राय व्यक्त करने की आवश्यकता नहीं है।

12. जांच कार्यवाही से संबंधित तथ्यों व विधिक स्थिति के विवेचन के परिणामस्वरूप विवाद में अतिनिर्णय इस प्रकार किया जाता है कि क्षेत्रीय प्रबन्धक, पंजाब नेशनल बैंक, भरतपुर द्वारा श्रमिक बाबूलाल के विरुद्ध दो वार्षिक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकने का पारित दण्डादेश अनुचित व अवैधानिक है जिसे अपास्त किया जाता है व इसके फलस्वरूप श्रमिक समस्त सुसंगत परिलाभ प्राप्त करने का अधिकारी होगा।

13. अवार्ड आज दिनांक 22-8-94 को लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जावे।

के.एल. व्यास, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर, 1994

का.आ. 138.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार यूनाइटिड इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 23-12-94 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल-17011/12/90-आई.आर.बी.-2]
वी.के. शर्मा, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 26th December, 1994

S.O. 138.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of United India Insurance Company Ltd. and their workmen, which was received by the Central Government on 23-12-94.

[No. L-17011/12/90-IR(B-II)]
V. K. SHARMA, Desk Officer

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी.आई.टी. 2/1991

रैफरेंस : केन्द्र सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेश क्रमांक एल-17011/12/90 आई.आर. (बी-2) दिनांक 11-12-90

श्री शांति लाल बोहरा, डैवलपमेन्ट ऑफिसर, यूनाईटेड इण्डिया इन्श्योरेन्स कम्पनी लि.।

—प्रार्थी

बनाम

यूनाईटेड इण्डिया इन्श्योरेन्स कम्पनी लि.।

—अप्रार्थी

उपस्थित

माननीय न्यायाधीश श्री के.एल. व्यास, आर.एच.जे.एस.

प्रार्थी की ओर से :	श्री जे.एल. शाह
विपक्षी की ओर से :	श्री एस.के. सिंघल
दिनांक अवार्ड :	26-7-1994

अवार्ड

विभागीय जांच के पश्चात श्री शांति लाल बोहरा, विकास अधिकारी, यूनाईटेड इण्डिया इन्श्योरेन्स कम्पनी लि. की सेवाएं कम्पनी द्वारा दिनांक 23-6-87 के आदेश सं जे आर ओ. पी ई आर 911 : 87 से समाप्त की गई। इस आदेश से व्यथित होकर श्रमिक द्वारा समझौता अधिकारी के समक्ष विवाद रखा गया तथा वहां वार्ता सफल न होने पर केन्द्रीय सरकार द्वारा निम्न विवाद अधिनिर्णय हेतु प्रेषित किया गया है :

"Whether the action of the management of United India Insurance Co. Ltd. in terminating the services of the Shanti Lal Bohra, Development Officer at their Banswara Branch vide office Order No. JRO : Per : 911:87 dated 23-6-87 is just and legal ? If not, to what relief is the worker concerned entitled and from what date ?"

2. क्लेम में श्रमिक ने यह बताया है कि उसकी नियुक्ति दिनांक 8-9-77 को निरीक्षक के पद पर (वर्तमान में विकास अधिकारी, सहायक महाप्रबन्धक यूनाईटेड इंडिया इन्श्योरेन्स कम्पनी) (जिसे बाद में कम्पनी संबोधित किया जायेगा) नई दिल्ली द्वारा की गई थी व तब से श्रमिक ने निरन्तर निष्ठापूर्वक अपने पद का कार्य किया था। श्रमिक का कथन यह है कि जुलाई 1985 से 1987 के मध्य उसकी माता गंभीर रूप से बीमार थी जिनकी सेवा सुश्रुषा में श्रमिक लग गया व इस कारण उसके द्वारा जुलाई 1985 से सितम्बर 1986 के मध्य कवर नोट के जरिये 13,377/रुपये की राशि विभिन्न ग्राहकों से वसूल की गई थी जो समय पर कम्पनी में जमा नहीं कराई जा सकी। 14-8-86 को श्रमिक ने लिखित प्रार्थना पत्र के जरिये उक्त राशि कम्पनी में जमा कराने का अनुरोध किया जिसके संबंधि में 4-9-86 के पत्र से कम्पनी द्वारा स्वीकृति दी गई व 16-9-86 व 27-9-86 को यह राशि श्रमिक ने कम्पनी में जमा करवाई थी। इसके बावजूद 10-12 86 को एक आरोप पत्र दुराचरण के संबंध में कम्पनी द्वारा श्रमिक को जारी किया गया। इस जांच में श्रमिक को अपना पक्ष सही रूप से प्रस्तुत करने का अवसर नहीं दिया गया व दोषारोपण पत्र के संबंध में जो जवाब श्रमिक ने दिया उसमें उसके द्वारा अपनी परिस्थितियों का स्पष्टीकरण करते हुए यह निवेदन किया गया कि कोई भी दुराचरण का आरोप नहीं बनता। विभागीय जांच पूरी करने के पश्चात श्रमिक को कम्पनी द्वारा सेवा मुक्त किया गया जो इसलिए अवैधानिक है क्योंकि जांच कार्यवाही निष्पक्ष रूप से सम्पन्न नहीं की गई, जो साक्ष्य जांच में प्रस्तुत हुई उससे कोई भी दुराचरण का आरोप साबित नहीं होता, श्रमिक को अपनी प्रति रक्षा प्रस्तुत करने का समुचित अवसर नहीं दिया गया तथा 23-6-87 के पश्चात भी श्रमिक ने 30-4-88 तक कम्पनी में कार्य किया इसलिए आक्षेपित सेवा मुक्ति का आदेश स्वतः ही निरस्त हो गया। यह भी अभिकथित किया गया है कि यदि दुराचरण के आरोप को साबित माना जावे तो भी श्रमिक को जो दण्ड दिया गया है व अत्यधिक व आरोप की प्रकृति को देखते हुए गैर आनुपातिक है।

3. नियोजक की ओर से जवाब में श्रमिक की नियुक्ति तिथि को स्वीकार किया गया है किन्तु इस तथ्य को अस्वीकार किया गया है कि जुलाई 1985 से 1987 के मध्य तक श्रमिक की माता बीमार थी व यह भी कहा गया है कि इस तथ्य का श्रमिक के क्लेम से कोई भी संबंध नहीं है। नियोजक के अनुसार 13,377/- रुपये लंबे समय तक कम्पनी में जमा नहीं कराने का कोई भी संतोषजनक व मानने योग्य कारण श्रमिक द्वारा क्लेम में या विभागीय जांच में नहीं बताया गया है। नियोजक के अनुसार इस राशि का गलत उपयोग श्रमिक ने लम्बे समय तक अपने पास रखकर किया है इसलिए कम्पनी के आचरण, अनुशासनिक व अपील नियम 1975 के नियम 3(1)(1) व नियम 4(1), 4(5) के तहत दुराचरण का आरोप बनता है। नियोजक के अनुसार चूंकि श्रमिक के विरुद्ध नैतिक अवपतन व बेईमानी का आरोप साबित है इसलिए उसके खिलाफ जो भी सेवामुक्ति का आदेश पारित किया गया है वह उचित, न्यायसंगत व वैधानिक है। जांच कार्यवाही के संबंध में पद सं. 7 में विस्तृत तथ्यों का उल्लेख करते हुए यह बताया गया है कि जांच कार्यवाही सम्पूर्ण रूप से नियमानुसार व उचित प्रक्रिया से की गई है। श्रमिक द्वारा सेवा मुक्ति के आदेश के विरुद्ध अपील भी प्रस्तुत की गई थी जो अस्वीकार करने का उचित कारण जवाब में बताया गया है। 23-1-87 के पश्चात श्रमिक ने कम्पनी में किसी भी रूप में कार्य किया हो इस तथ्य को स्पष्ट रूप से नियोजक द्वारा अस्वीकार किया गया है।

4. नियोजक की ओर से विभागीय जांच का सम्पूर्ण अभिलेख न्यायाधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया गया है व इसके अलावा भी दोनों पक्ष की ओर से कुछ प्रलेख की फोटो प्रतियां प्रस्तुत की गई हैं। इसके अतिरिक्त कोई भी मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं हुई है।

5. प्रारंभ में घरेलू जांच की निष्पक्षता व औचित्यता बाबत बहस के लिए स्थगन किया गया था। 29-3-94 को श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने अभिलेख को देखते हुए यह स्वीकार किया कि श्रमिक के विरुद्ध जो जांच की गई है वह सही व उचित है व इस प्रकार इस बिन्दु का विनिश्चय श्रमिक के विरुद्ध किया हुआ है।

6. श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने जांच की निष्पक्षता के अलावा यह बहस की है कि जो परिस्थितियों श्रमिक द्वारा देरी से रकम जमा कराने बाबत बताई गई हैं उनको व अन्य परिस्थितियों को देखते हुए तथा कम्पनी द्वारा बनाये गये नियमों में दुराचरण की जो परिभाषा है उसके अनुसार कोई भी दुराचरण का आरोप श्रमिक के विरुद्ध प्रमाणित नहीं होता है व इसके अलावा विकल्प में यह बहस की गई है कि यदि कोई भी दुराचरण का आरोप साबित माना जावे तो धारा 11-ए औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत न्यायाधिकरण के लिए यह न्यायोचित है कि श्रमिक के विरुद्ध पारित किये गये दण्डादेश में कमी करके उसे पुनः सेवा में रखने का आदेश प्रदान करें। उनके अनुसार सेवा मुक्ति का आदेश परिस्थितियों को देखते हुए अनुचित, अवैधानिक व गैर आनुपातिक है। दोनों तर्क जो श्रमिक की ओर से प्रस्तुत किये गये हैं उन पर क्रमशः विचार किया जायेगा।

7. कंपनी द्वारा जो आचरण, अनुशासन व अपील नियम 1975 बनाये गये हैं उनके नियम 3(1)(1) व नियम 4(1) व 4(5) के तहत दोषारोपण पत्र श्रमिक को जारी किया गया है। निर्विवाद तथ्य जिन पर विवाद आधारित है वे इस प्रकार हैं कि श्रमिक द्वारा करीब 18 माह की अवधि तक 13,377 रुपये की राशि जो कवर नोट के जरिये ग्राहकों से वसूल की गई थी वे कंपनी के खाते में जमा नहीं कराये गये व आरोपों को जो विस्तृत विवरण लिखित में श्रमिक को दिया गया है उसमें इन्हीं तथ्यों का उल्लेख है। देखना यह

है कि इन तथ्यों से नियम 3(1) (1), 4(1) व 4(5) के तहत आरोप लगाने का कोई भी आधार बिन्दु है अथवा नहीं। नियम 3(1)(1) में यह प्रावधान है कि हर कर्मचारी द्वारा पूर्व मंजूर कार्य के संबंध में रखी जावेगी । नियम 4(1) में यह प्रावधान है कि प्रत्येक कर्मचारी द्वारा कम्पनी के व्यापार व समिति के संबंध में धोखा, चोरी या बेईमानी का कोई कृत्य नहीं किया जायेगा व नियम 4(5) के प्रावधान के अनुसार कर्मचारी द्वारा ऐसा कोई नहीं किया जायेगा जिससे कम्पनी के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो । नियम 3(1)(1), 4(1) व 4(5) में जो दुराचरण की परिभाषा दी गई है उनके तहत श्रमिक का कथित कृत्य शामिल होता है इस बात पर भी कोई विवाद मानने योग्य नहीं है । बीमा अधिनियम में यह प्रावधान है कि बीमा ऐजेण्ट द्वारा जो भी राशि वसूल की जायेगी वह 24 घंटे के भीतर कंपनी में जमा कराई जायेगी । इस प्रावधान के अनुसार निश्चित रूप से यह जिम्मेदारी श्रमिक की थी कि उसके द्वारा 13,377 रुपये में से जितनी जितनी राशि जिस समय कवर नोट के जरिये वसूल की गई वह अगले दिन या उस रोज संभव नहीं होने की स्थिति में उसके बाद के कार्य दिवस को कंपनी में जमा कराई जाती । समय पर रकम जमा नहीं कराने का जो तथ्य आरोप पत्र में वर्णित है व जिसको जांच में प्रमाणित माना गया है उनको देखते हुए यह मानना उचित है कि श्रमिक द्वारा इस रकम को समय पर जमा नहीं कराने के कारण अपने कर्तव्य का निर्वहन जिम्मेदारी के साथ नहीं किया गया था । इसी प्रकार नियम 4(1) व 4(5) में जो दुराचरण की परिभाषा दी गई है उसके तहत भी श्रमिक का कार्य आता है क्योंकि समय पर कंपनी में रकम जमा नहीं कराने से निश्चित रूप से कंपनी के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है तथा लम्बे समय तक बिना कारण कंपनी की रकम को अपने पास रखने से श्रमिक का कार्य इस रकम के प्रति बेईमानी का प्रतीक माना जाना चाहिये । आरोप जो श्रमिक के विरुद्ध लगाये गये हैं उसमें यह उल्लेख है कि उसने समय पर रकम जमा नहीं कराई तथा इस प्रकार उसके द्वारा इस रकम का दूसरे कार्य के लिए दुरुपयोग किया गया। आरोप पत्र के साथ जो तथ्यों का विवरण दिया गया है उसमें भी 4—8—86 तक श्रमिक द्वारा 13,377 रुपये की रकम जमा नहीं कराने का विवरण है व इस प्रकार नियम 3(1)(1) व नियम 4(1) व 4(5) के तहत दुराचरण करने का आरोप लगाया गया है । जो तथ्य दोषारोपण पत्र आरोपों के विवरण के संबंध में उल्लिखित किय गये हैं व जिन पर कोई भी विवाद नहीं है उनको देखते हुए यह मानने का आधार नहीं है कि श्रमिक के खिलाफ इन तथ्यों से दुराचरण का कोई भी आरोप साबित नहीं होता है । श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने अपनी बहस में इस बात पर गंभीरता से बहस नहीं की है कि जांच कार्यवाही में श्रमिक के विरुद्ध लगाये गये आरोप तथ्यात्मक रूप से साबित नहीं होते हैं । इसके अलावा भी जो प्रलेख नियोजक की ओर से प्रस्तुत किये गये हैं उन पर सरसरी तौर से विचार किया जाना अपेक्षित है । श्रमिक ने दिनांक 4—8—86 को एक लिखित आवेदन नियोजक को दिया था जिसमें यह माना गया कि 13,377 रुपये की रकम उसने समय पर जमा नहीं कराई थी तथा यह रकम जमा कराने की अनुमति प्राथना पत्र के माध्यम से मांगी गई थी। इसके पश्चात सितम्बर 1986 में दो किश्तों में यह रकम श्रमिक द्वारा जमा कराई गई है जैसा कि उसके स्वयं के पत्र दिनांक 20—1—87 से साबित होता है । इस पत्र में भी श्रमिक ने यह माना है कि उक्त रकम लम्बे समय तक उसके पास रही है व इस प्रकार उसने गलती की है किन्तु उसका कोई भी आशय इस रकम को लम्बे समय तक अपने पास रखने का नहीं था । जांच अधिकारी के समक्ष श्रमिक ने 21-4-87 को बिना किसी शर्त यह लिखकर दिया है कि वह दोषारोपण पत्र में लगाये गये आरोप को स्वीकार करता है। इसी के आधार पर मौखिक साक्ष्य जांच अधिकारी द्वारा लेखबद्ध नहीं की गई व श्रमिक को दोषी मानने का प्रतिवेदन नियोजक को प्रस्तुत किया गया। श्रमिक ने अपने क्लेम में जो यह प्रतिरक्षा ली है कि वह अपनी माता की बीमारी के कारण अनियंत्रित कारणों से समय पर रकम जमा नहीं करा सका वह प्रतिरक्षा उसने नियोजक के समक्ष किसी भी प्रक्रम पर नहीं ली थी, न ही जांच कार्यवाही में इस प्रकार की कोई साक्ष्य प्रस्तुत की थी । इस निर्देश में भी श्रमिक ने इस संबंध में कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं की है । ऐसी स्थिति में क्लेम में जो उसका कथन है कि रकम समय पर जमा नहीं कराने का न्यायोचित कारण था वह न तो जांच अधिकारी ने माना है व न ही न्यायाधिकरण द्वारा स्वीकार करने का कोई आधार है । निष्कर्ष यह है कि उपलब्ध प्रालेखीय साक्ष्य व जांच कार्यवाही से यह प्रमाणित है कि श्रमिक द्वारा 13,377 रुपये की रकम विलम्ब से कंपनी में जमा कराई गई थी । जो प्रलेख पेश हुए हैं उनके अनुसार इस कुल रकम में से सर्वप्रथम 18—7—85 को संग्रहित की गई 415 रुपये व सबसे बाद की रकम 19—5—86 को 128 रुपये रुपये की थी । कुल राशि 13,377—रुपये सितम्बर 1986 में श्रमिक द्वारा जमा कराये गये हैं । इस प्रकार न्यूनतम चार माह व अधिकतम 14 माह के विलम्ब से अलग अलग वसूल की गई राशि श्रमिक द्वारा कंपनी में जमा कराई गई है । उपलब्ध साक्ष्य व परिस्थितियों का निष्कर्ष यह है कि श्रमिक के विरुद्ध जो दोषारोपण किये गये हैं उनके अनुसार नियम 3(1)(1), 4(1) व 4(5) के तहत श्रमिक के खिलाफ दुराचरण के आरोप साबित होते हैं।

8. अगला विचारणीय बिन्दु यह है कि क्या यह ऐसा मामला है जिसमें धारा 11—ए औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप करके सेवा मुक्ति के आदेश में कमी को जाकर अन्य लघु दण्ड से श्रमिक को दण्डित किया जाना अपेक्षित न न्यायोचित हो । धारा 11—ए अधिनियम में न्यायाधिकरण को इस संबंध में सीमित क्षेत्राधिकार दिया हुआ है व उसके अनुसार यदि न्यायाधिकरण की सन्तुष्टि इस बाबत हो कि श्रमिक के विरुद्ध पारित दण्डादेश न्यायोचित नहीं है तो उसी स्थिति में आक्षेपित दण्डादेश में परिवर्तन करके कमी की जा सकती

है । न्यायालय की सन्तुष्टि इस संबंध में किन तथ्यों व परिस्थितियों से हो सकती है इस प्रकार के सिद्धान्त विभिन्न निर्णयों में निर्विवाद रूप से प्रतिपादित किये गये हैं । न्यायाधिकरण की सन्तुष्टि किसी भी मामले में विषय परख नहीं हो सकती है व वस्तु परखता के आधार पर ही धारा 11-ए अधिनियम के अधिकारों का उपयोग किया जा सकता है । माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा एस.बी. सिविल रिट पिटीशन नं. 7079/93 भागीरथमल रैणवा बनाम औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर निर्णय दिनांक 21-2-94 में इस संबंध में जो सिद्धान्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय व विभिन्न उच्च न्यायालयों के निर्णयों पर विचार करने के पश्चात् प्रतिपादित किए गए हैं वे निम्न प्रकार है :

'However, power under Section 11-A can be exercised only on fulfillment of the conditions enumerated in that Section, namely that the Labour Court/Tribunal or the National Tribunal must be satisfied that the order of discharge or dismissal was not justified. However, conferment of wide power on the labour court/tribunal or National tribunal to stt aside the order of discharge or dismissal does not mean that in each case and every case the labour Court/Tribunal or National Tribunal has got untrammelled power to interfere with the punishment imposed by the employer. The power has to be exercised only after the Labour Court/Tribunal or National Tribunal is satisfied that the order of discharge or dismissal was not justified. The satisfaction of the Labour Court, Tribunal or the National Tribunal is not a subjective satisfaction but clearly an objective satisfaction. This obviously involves application of mind by the Labour Court, Tribunal or National Tribunal on various relevant circumstances, like the nature of delinquency committed by the workman his past conduct, the impact of the delinquency on the employer's business/industry as also the total length of service rendered by the workman. That apart, the Labour Court, Tribunal or National Tribunal is required to consider as to whether the decision taken by the management is just or not. Only after due consideration of these factors, the labour court, Tribunal or National Tribunal can upheld the punishment imposed by the employer, Interference cannot be done by the Labour Court, Tribunal or National Tribunal with the quantum of punishment without recording a specific finding in the manner aforesaid and after consideration of the material circumstances.

9. उक्त विधि दृष्टान्त में प्रतिपादित सिद्धान्तों व इस प्रकरण के तथ्यों व सुसंगत परिस्थितियों को देखते हुए न्यायाधिकरण को यह सन्तुष्टि होना संभव नहीं है कि श्रमिक के विरुद्ध सेवा मुक्ति का जो आदेश दिया गया है वह न्यायोचित नहीं है अथवा अत्याधिक है । जहाँ किसी भी कर्मचारी की नैतिकता दुराचरण के संबंध में निहित हो उस प्रकार के मामले में नर्म कार्यवाही करके सेवा मुक्ति के आदेश को अपास्त किया जाना न्यायसंगत नहीं माना जा सकता ।

10. श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने श्रमिक के खिलाफ नम्र कार्यवाही करने के लिए 1979 एल. आई. सी. (एस.सी.) 1043 का अवलम्ब अपनी बहस में लिया है । संदर्भित मामले में श्रमिकगण के खिलाफ कोई भी आरोप पत्र बेईमानी या नैतिकता के संबंध में नहीं लगाया गया था व मात्र फैक्ट्री परिसर में नारेबाजी करने, हैण्डबिल व पैम्फलेट वितरित करने के कथित तथ्यों के आधार पर दुराचरण का आरोप लगाया गया था व इस कारण उक्त निर्णय में प्रतिपादित सिद्धान्तों के आधार पर श्रमिक को कोई भी अनुतोष दिया जाना वांछित नहीं है ।

11. श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने बहस में एक तर्क यह दिया है कि कम्पनी द्वारा इसी प्रकार के मामले में सर्वश्री उमेश द्विवेदी व धर्मेन्द्र नानावटी के खिलाफ आरोप पत्र जारी किये गये थे व जाँच में उनको दोषी पाये जाने के बावजूद उनके खिलाफ पदावनति व वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश दिये गये थे जबकि श्रमिक के विरुद्ध उन्हीं तथ्यों पर सेवा मुक्ति का आदेश दिया गया है जो भेदभाव की नीति का प्रतीक है इसलिए भी उनके अनुसार सेवा मुक्ति के आदेश में हस्तक्षेप किया जाना न्यायोचित है । सर्वश्री उमेश द्विवेदी व धर्मेन्द्र नानावटी की जांच के संबंध में जो प्रलेख पत्रावली पर प्रस्तुत हुए हैं उनसे यह स्पष्ट है कि उनके खिलाफ आरोप पत्र में वर्णित तथ्य श्रमिक के आरोप पत्र के तथ्यों से किसी भी रूप में सामानान्तर नहीं थे। इसके अलावा तर्क के लिए यदि यह भी माना जावे कि नियोजक ने इसी प्रकार के मामले में अन्य श्रमिकों के विरुद्ध सेवा मुक्ति से भिन्न दण्डादेश पारित किया है तो भी इसी आधार पर श्रमिक को कोई भी अनुतोष नहीं दिया जा सकता जब तक कि वह यह साबित न करें कि उसके विरुद्ध सेवा मुक्ति का आदेश मात्र उसे उत्पीड़ित करने के लिए पारित किया गया है । अनुच्छेद 14 भारतीय संविधान के प्रावधान इस प्रकार के मामलों में लागू नहीं होते हैं । नियोजक के खिलाफ उत्पीड़न के सिद्धान्तों के परिणामस्वरूप सेवा मुक्ति का आदेश पारित करने का कोई भी कथन क्लेम में श्रमिक द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है व न ही इस प्रकार की साक्ष्य या परिस्थितियां उपलब्ध हैं ।

12. श्रमिक की ओर से एक बहस यह की गई है कि 13,377 रुपये की कुल राशि में से कुछ रकम डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में वसूल की गई थी जिनका निजी उपयोग श्रमिक द्वारा किया जाना संभव नहीं था व इसलिए दुरुपयोग की जाने वाली रकम वास्तव में 13,377 रुपये से कम है व इस प्रकार भी आरोपों की गंभीरता में कमी होती है । उन्होंने इस संबंध में 14-8-76 का स्वयं श्रमिक का लिखा हुआ एक पत्र बहस के समय प्रस्तुत किया है उसके पठन से यह स्पष्ट है कि क्रमांक 22 तक कुल 13,377 रुपये वसूल करने का इस पत्र में उल्लेख है व डिमाण्ड ड्राफ्ट के जरिये जो राशि वसूल की गई है क्रम सं. 23 व 24 पर उल्लिखित है व उनका योग कुल 96 रुपये होता है । इसलिए श्रमिक की ओर से प्रस्तुत किये गये उक्त तर्क में भी कोई सार

प्रकट नहीं होता है । अन्य कोई भी विधिक या तथ्यात्म बहस किसी भी पक्ष की ओर से नहीं की गई है ।

13. उपलब्ध तथ्यों व विधिक स्थिति के विवेचन के परिणामस्वरूप निर्देशित विवाद में अधिनिर्णय इस प्रकार किया जाता है कि श्रमिक शांति लाल बोहरा के खिलाफ नियोजक युनाईटेड इंडिया इन्श्योरेन्स कंपनी द्वारा दिनांक 22-6-77 को पारित सेवा मुक्ति आदेश न्यायोचित व वैध है व इस कारण श्रमिक कोई भी अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है ।

14. अवार्ड आज दिनांक 26-7-1994 को लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जावे ।

के.एल. व्यास, पीठासीन अधिकारी

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर, 1994

का.आ. 139:— औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार यूनाईटेड कामर्शियल बैंक जयपुर के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 23-12-94 को प्राप्त हुआ था ।

[संख्या एल-12012/661/87-डी. 2 (ए)/आई.आर (बी.2)
वी.के. शर्मा, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 26th December, 1994

S.O. 139.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of United Commercial Bank, Jaipur and their workmen, which was received by the Central Government on 23-12-94.

[No. L-12012/661/87-D.IIA/IR(B-II)]
V. K. SHARMA, Desk Officer

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी.आई.टी. 45/88

रैफरैंस : केन्द्र सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेश क्रमांक एल-12012/661/87-डी 2 (ए) दि. 14-7-88

एन.के. शर्मा, मार्फत महासचिव, यूको बैंक स्टाफ एसोसियेशन द्वारा यूको बैंक, बी.डी. रोड, जयपुर ।
—प्रार्थी

बनाम

जोनल मैनेजर, यूको बैंक, जोनल कार्यालय, ए-30 (बी) शास्त्री नगर, जयपुर ।
—अप्रार्थी

उपस्थित

माननीय न्यायाधीश श्री के.एल. व्यास, आर.एच.जे.एस

प्रार्थी की ओर से : श्री बी.एम. बागड़ा
अप्रार्थी की ओर से : श्री मान सिंह गुप्ता
दिनांक अवार्ड : 18-8-1994

अवार्ड

केन्द्र सरकार द्वारा अधिनिर्णय हेतु निम्न विवाद इस न्यायाधिकरण को निर्देशित किया गया है :

"क्या यूको बैंक, जयपुर के प्रबन्धतंत्र की 9-4-87 के श्री एन.के. शर्मा की सेवाएं समाप्त करने की कार्यवाही न्यायोचित है ? यदि नहीं तो संबंधित कर्मकार किस अनुतोष का हकदार है ?"

2. क्लेम के अनुसार श्रमिक का कथन यह है कि उसको नियुक्ति विपक्षी यूको बैंक, एम.आई.रोड शाखा, जयपुर में 18-1-85 को स्थाई रूप से रिक्त पद पर की गई थी व प्रारंभ में उसे प्रतिदिन 10 रुपये, फिर 13 रुपये व बाद में 15 रुपये दैनिक वेतन अदा किया गया । श्रमिक ने 9-4-87 तक इस प्रकार से बैंक की उक्त शाखा में कार्य किया व इसके पश्चात उसकी सेवाएं बिना कारण व बिना धारा 25-एफ, जी, एच अधिनियम की पालना किये समाप्त की गई । श्रमिक के अनुसार नियोजक का यह कार्य श्रम विरोधी व शोषण की परिभाषा में आता है । अनुतोष यह मांगा गया है कि सेवा मुक्ति की तिथि से पुनः श्रमिक को सम्पूर्ण बकाया वेतन एवं लाभ सहित नौकरी में रखने का आदेश दिया जावे । नियोजक की ओर से प्रस्तुत जवाब में यह अभिकथन किया गया है कि श्रमिक को 18-1-85 को अथवा कभी भी किसी स्थाई जगह के विरुद्ध कोई नियुक्ति नहीं दी गई तथा आवश्यकतानुसार अंशकालीन कार्य के लिए उसे दैनिक वेतन पर शाखा मैनेजर द्वारा नियुक्त किया गया था व पूरी अवधि में उसने 240 दिन से अधिक कार्य नहीं किया । जिस अवधि में श्रमिक को नियुक्त किया गया उस बीच उसने नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का कार्य नहीं किया बल्कि उससे शाखा का विधि कार्य आवश्यकतानुसार लिया गया था । इसमें पानी भरना व अन्य कार्य भी शामिल थे । श्रमिक को प्रतिदिन का वेतन भी अंशकालिक व आकस्मिक कार्य के आधार पर किया गया था । धारा 25-एफ, जी व एच औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की पालना नियोजक द्वारा नहीं करना स्वीकार किया गया है परन्तु यह अभिकथित किया गया है कि श्रमिक के मामले में इस प्रकार के प्रावधान की पालना करना किसी भी रूप में आवश्यक नहीं था । उनका यह भी कथन है कि बैंक में स्थाई जगह होने पर नियमित नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किये जाते हैं व निर्धारित योग्यता के अनुसार परीक्षा व साक्षात्कार के पश्चात ही नियुक्ति की जाती है किन्तु श्रमिक के मामले में इस प्रकार की कोई प्रक्रिया नहीं अपनाई गई थी । अतिरिक्त कथन में यह बताया गया है कि श्रमिक की नियुक्ति मात्र एक घण्टे कार्य के लिए

की गई थी इस कारण व किसी भी रूप में औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत श्रमिक की परिभाषा में नहीं आता है । चूंकि श्रमिक ने अंशकालीन रूप से विशिष्ट कार्य के लिए बैंक में कार्य किया था इस कारण उसे नियमित नियुक्ति देने का कोई नियम या औचित्य नहीं है ।

3. दोनों पक्षों की ओर से संबंधित प्रलेख की फोटो प्रतियां प्रस्तुत की गई हैं व मौखिक साक्ष्य के रूप में श्रमिक ने स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत किया है तथा नियोजक की ओर से एक गवाह श्री गोपीचन्द का शपथ पत्र प्रस्तुत किया किया गया है । बहस दोनों पक्षों की सुनी गई तथा उपलब्ध साक्ष्य, प्रलेख व दोनों पक्षों की ओर से प्रस्तुत विधि वृष्टान्तों पर विचार किया गया ।

4. दोनों पक्षों के अभिकथनों को देखते हुए विनिश्चय हेतु प्रकरण में निम्न बिन्दु बनाये जाते हैं :

1. आया श्रमिक द्वारा बैंक की एम.आई. रोड शाखा जयपुर में 240 दिन से अधिक कार्य किया गया व किस रूप में किया गया ?

2. आया नियोजक द्वारा श्रमिक के मामले में धारा 25 एफ जी व एच की पालना नहीं करने का क्या प्रभाव है ?

5. श्रमिक नरेन्द्र कुमार शर्मा ने अपने शपथ पत्र में क्लेम के तथ्यों का समर्थन करते हुए यह बताया है कि उसे शाखा प्रबन्धक द्वारा 18-1-85 को रिक्त स्थाई पद पर नियुक्त किया गया व इस रूप में उसने 8-4-87 तक बैंक में दैनिक वेतन पर कार्य किया । उसने यह भी बताया है कि बैंक का यह कहना गलत है कि श्रमिक को आकस्मिक रूप से अथवा अंशकालीन रूप से कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया था । उसका यह भी कथन है कि नियोजन की अवधि में उसने वह सारा कार्य किया था जो एक नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से कराया जाता है, नियमित रूप से उपस्थिति रजिस्टर में स्वयं द्वारा हाजिरी दर्ज करना व वाउचर के जरिये भुगतान प्राप्त करना भी श्रमिक ने बताया है । शपथ पत्र के पद सं. 6 में विस्तृत विवेचन देते हुए यह बताया गया है कि 18-1-85 से 8-4-87 तक श्रमिक ने कुल 610 दिन उक्त शाखा में कार्य किया था । इस संबंध में शाखा मैनेजर द्वारा 17-10-86 तक का प्रमाण-पत्र प्रदर्श डब्ल्यू-4 दिया गया था जिसमें यह उल्लेख है कि श्रमिक ने 17-10-86 तक बैंक की शाखा में 420 दिन कार्य किया था । इसके पश्चात् भी श्रमिक के कथनानुसार उसे 8-7-87 तक बैंक में कार्य किया था । श्रमिक की ओर से बैंक में रखे गये उपस्थिति रजिस्टर व भुगतान वाउचर्स तलब करने का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था जिसके संबंध में बैंक की ओर से 21-12-91 को श्री के.के. मोदी का एक शपथ पत्र व कुछ वाउचर्स की फोटो प्रतियां प्रस्तुत करते हुए यह बताया गया कि इसके अलावा कोई भी रिकार्ड उपलब्ध नहीं हो सकता । शपथ पत्र में यह अंकित नहीं किया गया है कि इसके अलावा अन्य वाउचर्स या अन्य रिकार्ड बैंक द्वारा तैयार नहीं किए गए थे । जो वाउचर्स श्रमिक को भुगतान बाबत प्रस्तुत किये गये हैं वे 3-10-86 से 20-3-87 के बीच के हैं । इनसे भी श्रमिक के कथन की पुष्टि होती है कि उसने मार्च 1987 तक बैंक में दैनिक वेतन पर कार्य किया था ।

6. उक्त तथ्यों के संदर्भ में जो जिरह श्रमिक से की गई है उसमें उसने यह बताया है कि प्रदर्श डब्ल्यू-4 प्रमाण-पत्र श्री के.एल. बंसल तत्कालीन शाखा प्रबन्धक द्वारा जारी किये गये थे जिसके अनुसार उसने 420 दिन तक बैंक में कार्य किया था । इसके अतिरिक्त श्रमिक की नियुक्ति की अवधि व उसके कार्य की प्रकृति के संबंध में कोई भी जिरह नहीं की गई है । इस साक्ष्य के खिलाफ नियोजक की ओर से श्री गोपी चन्द गवाह ने शपथ पत्र में यह बताया है कि श्रमिक ने 12-1-86 से 9-4-87 के बीच मात्र 99 दिन बैंक में कार्य किया था तथा किसी भी वर्ष में उसने 240 दिन से अधिक काम नहीं किया । प्रदर्श डब्ल्यू-4 प्रमाण पत्र के लिए गवाह का कथन है कि यह संबंधित शाखा प्रबन्धक के यहां द्वारा बिना रिकार्ड के आधार पर के जारी किया गया था । इसके अलावा श्री टी.एन. बाफना द्वारा इस संबंध में की गई रिपोर्ट भी गवाह ने प्रस्तुत की है जो प्रदर्श एम-2 है व इसके अनुसार श्रमिक ने 18-1-85 से 9-4-87 तक 208 दिन काम किया था । गवाह का यह भी कथन है कि श्रमिक को उक्त अवधि में आकस्मिक कार्य के लिए रखा जाता था व उसकी नियुक्ति नियमित रिक्त स्थान पर नहीं की गई थी । गवाह की जिरह से यह स्पष्ट है कि उसने जो भी बयान दिया है व रिकार्ड पर आधारित है तथा उसे कोई भी व्यक्तिगत: जानकारी नहीं है क्योंकि न तो वे संबंधित शाखा में नियुक्त थे व न ही शाखा के निरीक्षण का कार्य उनके पास था । जिरह में गवाह ने यह भी कहा है कि कुल मिलाकर श्रमिक ने 119 दिन शाखा में कार्य किया था जबकि मूल बयान में यह माना है कि 9-7-85 तक श्रमिक ने 99 दिन काम किया था व श्री बाफना की रिपोर्ट के अनुसार 9-4-87 तक 208 दिन काम किया था । इस प्रकार स्वयं गवाह का बयान भी एक दूसरे के विपरीत है । प्रदर्श डब्ल्यू-4 प्रमाण पत्र के लिए गवाह का कथन है कि यह संबंधित बैंक प्रबन्धक द्वारा गलत जारी किया गया था यह साक्ष्य किसी भी रूप में मानने योग्य नहीं है क्योंकि प्रथम तो जिस अधिकारी ने प्रमाण पत्र जारी किया है उसे नियोजक ने साक्ष्य में प्रस्तुत नहीं किया है व इसके अलावा प्रमाण पत्र गलत होने का कोई भी आधार नियोजक की ओर से नहीं बताया गया है । पूर्व में जैसा लिखा गया है उनके अनुसार पूरा रिकार्ड भी नियोजक ने तलब कराने के बावजूद भी प्रस्तुत नहीं किया है । श्री बाफना की रिपोर्ट प्रदर्श एम-2 में मात्र यह लिखा हुआ है कि श्रमिक ने 119 दिन बैंक में कार्य किया था व उसकी अवधि 12-10-86 से 11-10-87 बताई गई है जो भी बैंक के कथन के विपरीत है तथा स्वयं श्री बाफना ने भी प्रदर्श एम-2 में यह लिखा है कि 8-4-87 से श्रमिक की सेवाएं समाप्त हो गई थी । प्रदर्श एम-2 में 119 दिन काम करने के संबंध में किसी भी आधार का उल्लेख श्री बाफना द्वारा नहीं किया गया है

व मात्र प्रोफार्मा उनके द्वारा भरा हुआ है जो बैंक के आकस्मिक श्रमिक के नियुक्तिकरण के बाबत तैयार किया है । इसके अलावा कोई भी साक्ष्य नियोजक की ओर से प्रस्तुत नहीं की गई है । प्रदर्श एम-4 व स्टेटमैंट है जो बैंक के आकस्मिक कर्मचारियों को नियमित करने के संबंध में तैयार करवाया था व उसमें भी श्रमिक द्वारा 240 दिन से कम काम करना बताया गया है । इस विवरण का स्वतंत्र रूप से बिना साक्ष्य के कोई भी महत्व नहीं है । दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य से यह संदेह रहित मानने का आधार है कि श्रमिक ने बैंक की संबंधित शाखा में 8-4-87 तक 610 दिन कार्य किया था । साक्ष्य से यह भी साबित है कि श्रमिक की नियुक्ति दैनिक वेतन पर की गई थी तथा उससे बैंक का वह विभिन्न कार्य लिया जाता था जो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों द्वारा किया जाता है । प्रदर्श डब्ल्यू-4 शाखा प्रबन्धक द्वारा जो प्रमाण पत्र दिया गया है उसमें भी यह अंकित है कि श्रमिक को स्थाई कर्मचारियों के अवकाश पर होने के कारण अथवा पीने का पानी भरने के लिए व कूलर में पानी भरने के लिए नौकरी पर रखा गया था । ये तमाम कार्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा किये जाने वाले हैं ।

7. नियोजक पक्ष ने अपने जवाब में यह स्वीकार किया है कि उनके द्वारा श्रमिक को सेवा मुक्त करने से पूर्व धारा 25-एफ, जी,एच अधिनियम की पालना नहीं की गई थी व उनकी प्रतिरक्षा यह है कि ऐसा करना श्रमिक की सेवा अवधि को व कार्य की प्रकृति को देखते हुए आवश्यक नहीं था । पूर्व में जो विवेचन किया गया है उसमें यह साबित माना गया है कि श्रमिक को दैनिक वेतन पर विविध कार्य के लिए रखा गया था व उसने 240 दिन से अधिक बैंक में कार्य किया था । ऐसी स्थिति में धारा 25, एफ व जी अधिनियम की पालना आज्ञापक है इस बात का विरोध नियोजक के विद्वान प्रतिनिधि ने भी बहस में नहीं किया है । इसके विपरीत उनका कथन है कि यदि श्रमिक द्वारा 240 दिन से अधिक कार्य करना साबित हो तो धारा 25-एफ के प्रावधान की पालना आवश्यक है, चाहे उसने दैनिक वेतन पर अथवा अंशकालीन रूप से कार्य किया हो इस संबंध में किसी भी विधि दृष्टान्त की आवयकता नहीं है व इसके बावजूद श्रमिक की ओर से जो दो निर्णय प्रस्तुत किये गये हैं उनको संदर्भित किया जाता है । ये निर्णय आर.एल.आर. 1991 (2) पेज 326 कन्हैयालाल बनाम राजस्थान राज्य व एस.बी. सिविल रिट पिटीशन नं. 5449/91 निर्णय दि. 24-8-92 माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के हैं । दोनों में यह प्रतिपादित किया गया है कि दैनिक वेतन पर कार्य करने वाले श्रमिकों के मामले में भी 240 दिन से अधिक की अवधि के पश्चात सेवा मक्ति के मामले में धारा 25-एफ के. प्रावधान की पालना की जाना आज्ञापक है ।

8. नियोजक ने अपने जवाब में जो यह कहा है कि श्रमिक को अंशकालीन रूप से व दैनिक वेतन पर रखा गया था इसलिए सेवा में उसे नियमित नहीं कहा जा सकता, इस संबंध में इतना उल्लेख किया जाना पर्याप्त होगा कि जो विवाद निर्देशित किया गया है उसके तहत न्यायाधिकरण को मात्र यह विनिश्चय करना है कि श्रमिक को सेवा मुक्ति की कार्यवाही वैध है अथवा नहीं । नियोजक की ओर से निम्न विधि दृष्टान्त प्रस्तुत किये गये हैं :

1. ए.आई.आर. 1992 (एस.सी.) 789, दिल्ली डैवेलपमैंट हॉर्टीकल्चर एम्पलाईज यूनियन बनाम दिल्ली प्रशासन ।
2. ए.आई.आर. 1993 (ए.सी.) 1317 भारत संघ बनाम राजेन्द्र कुमार शर्मा ।
3. एल.एल.जे. 1985 (वॉल्यूम-1) (बॉम्बे) एस. आर. सिरोमकर बनाम गोआ प्रशासन ।

प्रथम संदर्भित निर्णय जवाहर रोजगार योजना से संबंधित है जो विशिष्ट योजना होने के कारण माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस सबध में विशिष्ट रूप से सिद्धान्त प्रतिपादित किये गये हैं जो अन्य मामले में लागू नहीं होते । दूसरे संदर्भित निर्णय में मात्र यह प्रतिपादित किया गया है कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी उस अवधि का वेतन प्राप्त करने के अधिकारी नहीं हैं जिसमें वे काम नहीं करते । तीसरे संदर्भित निर्णय के तथ्य वर्तमान मामले के तथ्यों से किसी भी रूप में सुसंगत नहीं हैं ।

9. चूंकि श्रमिक की सेवाएं 25-एफ के प्रावधान की पालना किये बिना समाप्त की गई हैं इसलिए सेवा मुक्ति की कार्यवाही अवैध व अनुचित है तथा श्रमिक पुनः सेवा में निरन्तरता बनाये हुए आने का अधिकारी है । श्रमिक ने अपने शपथ पत्र में यह कहा है कि जिस तिथि से उसे बैंक से हटाया गया तब से वह लगातार बेरोजगार है । कोई जिरह इस संबंध में नियोजक द्वारा नहीं की गई व खण्डन में कोई साक्ष्य भी प्रस्तुत नहीं की है ।

10. एक बिन्दु जो नियोजक की साक्ष्य में प्रस्तुत किया गया है उस पर विचार किया जाना अपेक्षित है । प्रदर्श एम-1 समझौता के अनुसार जितने आकस्मिक श्रमिकों ने बैंक में 240 दिन से अधिक कार्य किया था उनको बैंक की स्थाई नौकरी में रखने का प्रावधान बनाया गया था व इसके अनुसार समस्त कर्मचारियों की सूची व उनकी योग्यता व अयोग्यता के संबंध में विवरण तैयार किया गया था । प्रदर्श एम-2 व एम-4 जो प्रलेख बैंक ने प्रस्तुत किये हैं उनमें यह उल्लेख है कि इस समझौते के अनुसार श्रमिक बैंक में स्थाई होने का इसलिए पात्र नहीं है क्योंकि उसने 240 दिन से कम कार्य किया है । उपलब्ध साक्ष्य में यह साबित माना गया है कि श्रमिक ने 240 दिन से अधिक दैनिक वेतन पर बैंक में कार्य किया था इसलिए प्रदर्श एम-1 समझौते के अनुसार भी वह नौकरी में स्थाई होने का अधिकारी है परन्तु चूंकि विवाद में इस बिन्दु पर विनिश्चय नहीं होना है इसलिए अधिनिर्णय के तहत यह अनुतोष श्रमिक को दिलाया जाना न्यायोचित नहीं है कि उसे उक्त समझौते के तहत स्थाई रूप से नौकरी दी जावे उक्त समझौते का उल्लेख मात्र इसलिए किया गया है कि स्वयं बैंक ने भी 240 दिन से अधिक कार्य करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवा

मुक्ति को अवैध मानते हुए उन्हें नौकरी में लेने बाबत समझौता यूनियन के साथ किया था ।

11. उपलब्ध साक्ष्य व विधि की स्थिति के विवेचन के परिणामस्वरूप विवाद का अधिनिर्णय इस प्रकार किया जाता है कि नियोजक यूको बैंक जयपुर द्वारा श्रमिक नरेन्द्र कुमार शर्मा की दिनांक 9-4-87 से सेवा मुक्ति की कार्यवाही अवैध व अनुचित है इसलिए श्रमिक सेवा की निरन्तरता कायम रखते हुए उक्त तिथि से पुनः सेवा में आने का अधिकारी है । सेवामुक्ति की तिथि से अधिनिर्णय की तिथि का समस्त पिछला वेतन व अन्य लाभ भी श्रमिक नियमानुसार प्राप्त करने का अधिकारी है ।

12. अधिनिर्णय आज दिनांक 18-8-1994 को लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ अन्तर्गत धारा 17(1) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के भेजा जावे ।

के.एल. व्यास, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 28 दिसम्बर, 1994

का. आ. 140.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार खेतड़ी कोपर काम्पलेक्स के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 28-12-94 को प्राप्त हुआ था ।

[संख्या एल – 43012/9/87 – डी – III – बी]
बी. एम. डेविड, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 28th December, 1994

S.O. 140.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award of the Central Government Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Khetri Copper Complex and their workmen, which was received by the Central Government on the 28-12-94.

[No. L-43012/9/87-D.III-B]
B. M. DAVID, Desk Officer

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी. आई. टी. 23/89

रैफरैंस : केन्द्र सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेश क्र.एल. 43012/9/87-डी-III(बी) दिनांक 4-1-89

श्री गंगा राम मार्फत महासचिव, राष्ट्रीय कॉपर मजदूर कांग्रेस, डी – 217, आई. वी., खेतड़ी नगर, जिला झुंझुनू (राज.) —प्रार्थी

बनाम

खेतड़ी कॉपर काम्पलैक्स, खेतड़ी नगर, जिला झुंझुनू । —अप्रार्थी

उपस्थित

माननीय न्यायाधीश श्री के.एल.व्यास, आर.एच.जे.एस.

प्रार्थी की ओर से : श्री जे. के. अग्रवाल
अप्रार्थी की ओर से : श्री मनोज शर्मा
दिनांक अवार्ड : 16-9-94

अवार्ड

श्रमिक गंगा राम खेतड़ी कॉपर परियोजना, खेतड़ी के मामले में संबंधित यूनियन द्वारा उठाये गये विवाद के फलस्वरूप केन्द्र सरकार द्वारा निम्न विवाद अधिनिर्णय हेतु निर्देशित किया गया है :—

"Whether the action of the management of Khetri Copper Complex, P.O. Khetrinagar, District Jhunjhunu in not promoting Shri Ganga Ram Mechanist is justified ? If not, what relief is the said workman entitled to ?"

2. श्रमिक की ओर से जिन तथ्यों के आधार पर क्लेम प्रस्तुत किया गया है उनका सार यह है कि श्रमिक गंगा राम की नियुक्ति मैकेनिस्ट "बी" (मशीनमिस्त्री) के पद पर 10-5-77 को हुई थी व एक अन्य श्रमिक पी. एन. शिवदासम की नियुक्ति इस पद पर 27-10-77 को हुई थी तथा दोनों ही श्रमिक जिन मशीनों पर कार्य करते थे वे मशीनिस्ट "ए" के पद के कार्य के अनुरूप थी व इसके बावजूद प्रबन्धक द्वारा 10-2-86 के आदेश से श्रमिक शिवदासम की पदोन्नति मैकेनिस्ट "ए" के पद पर 1-8-30 से की गई । श्रमिक का कथन है कि चूंकि दोनों श्रमिकगण एक ही प्रकार का कार्य करते थे व वर्तमान श्रमिक पी.एन. शिवदासम से वरिष्ठ था इसलिए प्रबन्धक द्वारा श्रमिक को पदोन्नति नहीं देने की कार्यवाही अनुचित व अवैधानिक है तथा संविधान के अनुच्छेद 14 व 16 के तहत भेदभाव की नीति का प्रतीक है ।

3. नियोजक की ओर से जो जवाब प्रस्तुत किया गया है उसमें एक प्रारंभिक आपत्ति यह ली गई है कि केन्द्र सरकार द्वारा गंगा राम के मामले में प्रारम्भ में 1-7-87 को विवाद न्यायाधिकरण में निर्देशित करने का निर्णय लिया गया था व उससे व्यथित होकर विवाद के संबंध में रिट याचिका श्रमिक गंगा राम द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की गई थी जिसमें यह अभिनिर्धारित किया गया कि तथ्यों से संबंधित होने के कारण रिट याचिका सुनवाई योग्य नहीं है व संबंधित सरकार को विवाद को न्यायाधिकरण में निर्देशित करने का आदेश दिया गया । इन परिस्थितियों में यह अभिकथित किया गया है कि निर्देशित विवाद के अनुसार कोई भी औद्योगिक विवाद होना प्रकट नहीं होता है । तथ्यों के संबंध में इस बात को अस्वीकार नहीं किया गया है कि नियुक्ति तिथि के अनुसार श्रमिक गंगाराम एक अन्य श्रमिक पी.एन. शिवदासम से वरिष्ठ है । इसके अतिरिक्त यह प्रतिरक्षा ली गई है कि पी एन शिवदासम की पदोन्नति प्रबन्धक द्वारा 10-2-86 के आदेश से नहीं की गई थी जैसा कि श्रमिक का अभिकथन है बल्कि कार्य मूल्यांकन समिति (जिसे बाद में समिति

संबोधित किया जाएगा) की सिफारिश के अनुसार शिवदासम का स्थरीकरण मशीनिस्ट 'ए' के वेतनमान में किया गया था। समिति के कार्य के संबंध में पूर्व इतिहास का उल्लेख करते हुए यह बताया गया है कि 11-8-70 को औद्योगिक न्यायाधिकण जयपुर द्वारा एक अधिनिर्णय पारित किया गया था जिसकी अनुपालना में समिति का गठन हुआ था व इसमें प्रबन्धक, संबंधित यूनियन व राष्ट्रीय उत्पादक परिषद् के सदस्य शामिल थे। समिति की प्रथम रिपोर्ट 1-4-71 से लागू की गई। 1974 में श्रमिक संघों ने यह मांग उठाई कि 1971 में कुछ कार्यों का मूल्यांकन समिति द्वारा नहीं हुआ था इसलिए यह कार्य पुनः करवाये जायें। संबंधित श्रमिक संघों के साथ 19-2-74 को एक समझौता हुआ था व इसके अनुसार पुनः समिति को कार्य मूल्यांकन करने का अनुरोध किया गया। इस समिति के कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई क्योंकि समिति के सदस्यों के बीच मतभेद उत्पन्न हो गया था। संबंधित यूनियन द्वारा 25-2-78 को पुनः एक मांगों का चार्टर प्रस्तुत किया गया व इसके अनुसार 17-4-78 को एक समझौता सम्पन्न हुआ। इसके अनुसार पुनः समिति की सिफारिश पर एक लिखित समझौता प्रबन्धक व यूनियन के बीच 4-8-83 को सम्पादित हुआ। कुछ पदों के मामले में पुनः मूल्यांकन करने का निर्णय समझौते के अनुसार लिया गया व इसके अनुसार एक समिति का पुनः गठन किया गया जिसमें समस्त संबंधित यूनियन के सदस्य भी शामिल थे। इस समिति के समक्ष सदाशिवम ने एक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था व समिति ने तमाम तथ्यों पर विचार करने के पश्चात यह निर्णित किया कि पूर्व में शिवदासम का स्थरीकरण मैकेनिस्ट "बी" के वेतनमान में सही रूप से नहीं किया गया था व इस समिति की सिफारिश के अनुसार मैकेनिस्ट "ए" का वेतनमान टी–8 शिवदासम को 1-8-80 से स्वीकृत किया गया। श्रमिक गंगाराम के संबंध में यह बताया गया है कि वह प्रारंभ से मैकेनिस्ट 'बी' के पद के अनुरूप कार्य करता था व इसी कारण समिति ने उसे उसी पद पर स्थरीकरण करने की सिफारिश की थी। इसके विरुद्ध गंगाराम द्वारा कोई भी प्रतिवेदन या अपील प्रस्तुत नहीं की। इस प्रकार नियोजक के जवाब का सार यह है कि श्रमिक सदाशिवम को कोई विभागीय पदोन्नति नहीं दी गई थी बल्कि न्यायाधिकरण के अधिनिर्णय व समझौते के अनुसार गठित समिति की सिफारिश के अनुसार कार्य के अनुरूप उसका स्थरीकरण मशीनिस्ट "ए" के पद पर किया गया था व इस कारण कोई भी अनुतोष इस विवाद में श्रमिक गंगाराम प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

4. श्रमिक गंगाराम की ओर से संबंधित यूनियन द्वारा प्रस्तुत प्रत्युत्तर में यह बताया गया है कि नियोजक का यह कथन गलत है कि शिवदासम मशीनिस्ट "ए" का कार्य कर रहा था, सदाशिवम का व गंगाराम का कार्य किसी भी प्रकार भिन्न नहीं था बल्कि गंगाराम प्रारंभ से ही मशीनिस्ट "ए" के पद का कार्य कर रहा था, श्रमिक शिवदासम विपक्षी संस्थान के कार्मिक अधिकारी श्री चाकू के रिश्तेदार हैं इसलिए सदाशिवम को गलत रूप से पदोन्नति प्रबन्धक द्वारा दी गई थी। इस प्रत्युत्तर में भी नियोजक द्वारा बताये गये इन तथ्यों का खण्डन नहीं किया गया है कि अधिनिर्णय व समझौते के अनुसार समिति का गठन हुआ था व इसकी सिफारिश के अनुसार सदाशिवम का स्थरीकरण किया गया था।

5. मौखिक साक्ष्य के रूप में श्रमिक की ओर से स्वयं उसका व नियोजक की ओर से एक गवाह श्री एन.एल. बटेडिया, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी का सपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। नियोजक की ओर से प्रालेखीय साक्ष्य के रूप में प्रदर्श एम–1 से प्रदर्श एम-10 प्रलेख की फोटो प्रतियां प्रस्तुत की गई हैं। दोनों पक्षों की बहस सुनी गई।

6. सर्वप्रथम यह उल्लिखित करना आवश्यक व अपेक्षित है कि निर्देशित विवाद के अनुसार श्रमिक द्वारा सदाशिवम को प्रबन्धक पक्ष द्वारा की गई पदोन्नति को चुनौती दी गई है इसलिए उपलब्ध साक्ष्य व प्रलेख से यह विनिश्चय करना आवश्यक है कि क्या सदाशिवम की पदोन्नति प्रबन्धक द्वारा की गई थी व यदि ऐसी नहीं है तो संबंधित समिति की सिफारिश के अनुसार मात्र स्थरीकरण को देखते हुए क्या श्रमिक गंगाराम कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी है, यदि यह साबित हो कि वह सदाशिवम से वरिष्ठ है व दोनों का कार्य एक समान था।

7. जहां तक श्रमिक गंगाराम व सदाशिवम की वरिष्ठता का प्रश्न है, यह तथ्य मान्य है कि गंगाराम की नियुक्ति सदाशिवम से पूर्व हुई थी इसलिए वह मैकेनिस्ट 'बी' के पद पर सदाशिवम से वरिष्ठ था।

8. कार्य की प्रकृति के संबंध में श्रमिक गंगाराम ने अपने शपथ पत्र के पद सं. 2 में यह बताया है कि सदाशिवम ने कभी भी मशीनिस्ट "ए" के अनुरूप मशीनों पर कार्य नहीं किया जबकि जिन अन्य श्रमिकों के साथ गंगाराम प्रारंभ से कार्यरत है वह कार्य मशीनिस्ट "ए" के पद का है। कुछ श्रमिकों के नाम भी इस संबंध में शपथ पत्र में उल्लिखित किये गये हैं। किसी भी श्रमिक का शपथ पत्र इस संबंध में न्यायाधिकरण के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुआ है। जिरह में श्रमिक ने यह बताया है कि मशीनिस्ट "ए" के जितने भी कार्य हैं वे सब उसके द्वारा किये जाते हैं। इसके विपरीत प्रबन्धक की ओर से गवाह श्री बटेडिया का जो शपथ पत्र प्रस्तुत हुआ है उसमें इस बात का खण्डन किया गया है कि श्रमिक ने कभी भी मैकेनिस्ट "ए" के रूप में कार्य किया हो व यह भी बताया गया है कि पी. एन. सदाशिवम अत्याधिक आधुनिक ग्राईंडिंग मशीन पर कार्य करता था व उसके अलावा भी अन्य मशीनों पर जो कार्य उसके द्वारा किया जाता था व मैकेनिस्ट "ए" के अनुरूप थे किन्तु उसे मैकेनिस्ट "बी" के पद का

वेतन दिया जाता था। इस गवाह से दोनों श्रमिकों के कार्य की प्रकृति के संबंध में कोई भी प्रश्न जिरह में नहीं पूछे गये हैं। गवाह श्री बटेडिया से इस प्रकार की जिरह भी नहीं हुई है जिससे यह माना जाये कि उन्होंने किसी भी रूप से प्रभावित होकर कार्य की प्रकृति के संबंध में गलत साक्ष्य प्रस्तुत की है। इसके अतिरिक्त नियोजक के जो गवाह प्रस्तुत हुए हैं वे निश्चित रूप से संबंधित तथ्यों के लिए सुसंगत व विशेषज्ञ साक्ष्य के रूप में हैं तथा श्रमिक की साक्ष्य की तुलना में इस साक्ष्य को स्वीकार नहीं करने का कोई भी कारण नहीं हो सकता। इस प्रकार जहां तक कार्य की प्रकृति का प्रश्न है, दोनों पक्षों की साक्ष्य को देखते हुए यह मानने का आधार है कि गंगाराम की तुलना में सदाशिवम द्वारा मैकेनिस्ट "ए" के पद का कार्य किया जाता था व इस प्रकार यदि किसी भी रूप में प्रबन्धक द्वारा सदाशिवम को पदोन्नति देने का मामला हो तो भी इस आधार पर श्रमिक को कोई अनुतोष स्वीकार नहीं किया जा सकता।

9. नियोजक की जो प्रतिरक्षा है उस संबंध में श्री एन. एल. बटेडिया ने प्रदर्श एम—1 से प्रदर्श एम—10 प्रलेख को प्रस्तुत करते हुए यह बताया है कि न्यायाधिकरण के अधिनिर्णय व संबंधित यूनियन के साथ हुए समझौतों के आधार पर समिति का गठन किया गया था व समिति की सिफारिश के अनुसार ही सदाशिवम को मैकेनिस्ट "ए" के पद में पद का लाभ दिया गया था। श्रमिक से जो जिरह हुई है उसमें उसने किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं होना बताया है व उसके संबंध में कोई भी स्पष्टीकरण नहीं दिया है। प्रदर्श एम—1 से एम—10 सभी प्रलेख न्यायाधिकरण के अधिनिर्णय, यूनियन के साथ हुए समझौते व प्रबन्धक पक्ष के नियमों से संबंधित है। इनसे यह स्पष्ट साबित होता है कि समिति का जब पुर्नगठन हुआ था उस समय सदाशिवम के प्रतिवेदन पर उसके कार्य का पुनः मूल्यांकन किया गया था व उनको सिफारिश पर ही सदाशिवम को मैकेनिस्ट "ए" के पद का लाभ दिया गया था। जवाब में अधिनिर्णय व समझौते के संबंध में जो विभिन्न तथ्य बताये गये हैं व जिनका पूर्व में उल्लेख किया गया है उनके बाबत कोई भी विवाद श्रमिक ने जवाबुलज्वाब में या साक्ष्य में नही लिया है। प्रदर्श एम—3 अधिनिर्णय 11-8-70 का है जिसके पठन से यह स्पष्ट है कि संस्थान में कार्यरत श्रमिकों को यह शिकायत थी कि उन्हें वेतनमान कार्य के अनुसार नहीं मिलता है व इसीलिए कार्य मूल्यांकन समिति के गठन का निर्देश दिया गया था। जब जब समझौते हुए हैं उनपर संबंधित रजिस्टर्ड यूनियन के पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं तथा समिति में भी इन यूनियन के सदस्य शामिल थे। इस प्रकार नियोजक की मौखिक साक्ष्य व प्रदर्श एम—1 से एम—10 से यह निःसन्देह साबित है कि श्रमिक सदाशिवम का स्थरीकरण मैकेनिस्ट"ए" के पद पर विधिवत गठित समिति की सिफारिश पर किया गया था व इस कार्यवाही को प्रबन्धक द्वारा की गई पदोन्नति की परिभाषा नहीं दी जा सकती। इस प्रकार यह विवाद जिस प्रकार/जिस रूप में न्यायाधिकरण में भेजा गया है उसके अनुसार श्रमिक कोई भी अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

10. श्रमिक ने अपनी जिरह में यह स्वीकार किया है कि जिस समिति द्वारा सदाशिवम को मैकेनिस्ट "ए" के पद का लाभ देने की सिफारिश की गई उसके समक्ष उसने अपना कोई भी प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया था। यह भी श्रमिक का कथन नहीं है कि उसने किसी भी समिति की सिफारिश से असन्तुष्ट होने के कारण प्रबन्धक को अथवा समिति को कोई अपील या प्रतिवेदन प्रस्तुत किया हो। इससे यह मानने का आधार भी बनता है कि श्रमिक समिति द्वारा की गई कार्यवाही से किसी भी रूप में असन्तुष्ट नहीं था।

11. श्रमिक ने अपने क्लेम व दावा जवाब में समिति के गठन का, उनकी सिफारिश का व समझौतों के संबंध में कोई भी अभिकथन नहीं किया हैं इस कारण नियोजक की ओर से जो प्रलेख प्रस्तुत किये गये है उनके अलावा अन्य कोई भी प्रलेख या साक्ष्य प्रस्तुत किया जाना आवश्यक नहीं था। प्रस्तुत साक्ष्य व प्रलेख से भी यह पूर्ण रूप से साबित है कि वैध रूप से कथित समिति की सिफारिशों के अनुसार सदाशिवम का स्थरीकरण किया गया था व इस कारण इस आधार पर श्रमिक कोई भी पदोन्नति प्राप्त करने का अधिकारी नहीं हो सकता।

12. दोनों पक्षों की ओर से प्रस्तुत अभिकथन साक्ष्य व प्रलेख तथा पूर्व में किये गये विवेचन का निष्कर्ष यह है कि श्रमिक सदाशिवम की पदोन्नति प्रबन्धक पक्ष द्वारा मैकेनिस्ट "ए" के पद पर नहीं की गई थी, श्रमिक गंगाराम ने वैध रूप से पठित समिति की सिफारिश को किसी भी रूप में कहीं भी चुनौती नहीं दी है तथा निर्देशित विवाद भी इस संबंध में नहीं है। इसलिए समिति की सिफारिश के अनुसार सदाशिवम को दिये गये लाभ के अनुरूप गंगाराम कोई भी अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं हो सकता।

12. विवेचित तथ्यों व परिस्थितियों के विवेचन के परिणामस्वरूप निर्देशित विवाद का अधिनिर्णय श्रमिक के खिलाफ किया जाकर यह आदेश दिया जाता है कि श्रमिक गंगाराम को प्रबन्धक पक्ष द्वारा मैकेनिस्ट"ए" के पद पर पदोन्नति नहीं करने की कार्यवाही वैध व न्यायोचित है व परिणामस्वरूप श्रमिक कोई भी अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

13. अवार्ड आज दिनांक 16-9-94 को लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जावे।

के. एल. व्यास, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 28 दिसम्बर, 1994

का. आ. 141—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार जयपुर उद्योग लि. के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण,

जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 28 दिसम्बर, 1994 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल-25011/1/72 एल आर -I]
बी. एम. डेविड, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 28th December, 1994

S.O. 141.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award of the Central Government Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Jaipur Udyog Ltd. and their workmen, which was received by the Central Government on the 28-12-94.

[No. L-25011/1/72-L.R.I.]
B. M. DAVID, Desk Officer

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी. आई. टी. 9/1972

रैफरेंस : केन्द्र सरकार श्रम मंत्रालय नई दिल्ली का आदेश क्रम एल. 2 5011/1/72 एल आर.आई दिनांक 30-9-72

सीमेन्ट माईन्स कर्मचारी संघ

--प्रार्थी

बनाम

जयपुर उद्योग लि. सवाई माधोपुर

--अप्रार्थी

उपस्थित

माननीय न्यायाधीश श्री के. एल. व्यास, आर एच.जे.एस

प्रार्थी की ओर से : श्री. जे. एल. शाह एवं श्री जे. के. अग्रवाल

अप्रार्थी की ओर से : श्री मनोज शर्मा

दिनांक अवार्ड : 16-8-94

अवार्ड

